## खबर संक्षेप

### किराना दुकान की शटर तोड़कर चोरी, 25 हजार की सामग्री पार

**कटनी।** एनकेजे थाना क्षेत्र के सरसवही गांव में एक किराना दुकान से अज्ञात चोरों ने राजश्री गुटखा का एक बोरा और लगभग 25 हजार रुपए नकद चुरा लिए। चोरों ने दुकान का शटर तोड़कर वारदात को अंजाम दिया। दुकान संचालक अमित पांडे ने एनकेजे थाने में इस घटना की लिखित शिकायत दर्ज कराई है। पांडे ने पुलिस को बताया कि चोरी सोमवार और मंगलवार की दरमियानी रात हुई। वे रोज की तरह अपनी दुकान बंद कर घर चले गए थे। अज्ञात चोरों ने देर रात दुकान के शटर का ताला तोड़ा और अंदर घुस गए। उन्होंने दुकान से राजश्री गुटखा का एक बोरा और गल्ले में रखे लगभग 25,000 रुपए नकद चुरा लिए। वारदात के बाद चोर मौके से फरार हो गए। अमित पांडे की शिकायत के बाद एनकेजे थाना पुलिस ने तत्काल जांच शुरू कर दी है। पुलिस संदिग्धों की तलाश कर रही है। हालांकि, दुकान संचालक अमित पांडे का दावा है कि इस घटना में 1 लाख रुपए से अधिक की चोरी हुई है। एनकेजे थाना प्रभारी रूपेश सिंह का कहना है कि शिकायत मिली है। मामले की जांच की जा रही है।

### लापता बालक एवं बालिका को किया गया दस्तयाब

**बड़वारा।** आपरेशन मुस्कान के तहत पुलिस ने नाबालिक बालक एवं बालिका को दस्तयाब किया है। पुलिस के अनुसार 22.10.2025 को फरियादी द्वारा रिपोर्ट लेख कराया कि उसका 17 वर्षीय पुत्र बिना बताये कहीं चला गया है। फरियादी को शंका है कि इसके लड़के को कोई अज्ञात व्यक्ति बहला फुसलाकर अपहरण कर ले गया है । फरियादी की रिपोर्ट पर थाना बड़वारा में अपराध धारा 137(2) बीएनएस के तहत मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान 27.10.2025 को अपहता बालिका को दस्तयाब किया जाकर परिजनों को सुपुर्द किया गया । इसी प्रकार फरियादी द्वारा रिपोर्ट लेख कराया लड़की जिसकी करीब 15 साल है जो बिना बताये कहीं चली गयी है । रिपोर्ट पर थाना बड़वारा में अपराध धारा 137(2) बीएनएस के तहत मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया । 27.10.2025 को अपहता बालिका को दस्तयाब किया जाकर परिजनों को सुपुर्द किया गया। कार्यवाही में थाना प्रभारी उनि केके पटेल, सउनि विक्रम सिंह, महिला आर नेहा सिंह, बृजलाल प्रजापति, प्रआर. पवनराज की विशेष भूमिका रही।

### भगवान सहस्त्रबाहु की मनाई गई जयंती

**सिलौंडी।** सिलौंडी के श्रीराम मंदिर में कल्चुरी समाज ने भगवान सहस्त्रबाहु की जयंती मनाई है। उनके चित्र पर तिलक वंदन और पुष्प अर्पित किया। समाज के वरिष्ठ जन का सम्मान कर उनके जीवन के अनुभवों को सुनना। समाज हित में आर्थिक रूप से कमजोर साथियों की मदद करने का संकल्प लिया। इस दौरान जयनारायण राय ,शंकर लाल राय , अनिल राय ,सतेंद्र राय,चंद्रमोल राय, श्रीमति राधा राय ,राजेंद्र राय, राजनारायरण राय ,देवेंद्र राय, रमेश राय, एडवोकेट प्रशांत राय, राहुल राय, योगेश राय, संजय राय, रिंकू राय सहित ग्रामीण लोग की उपस्थिति रही है।

### सुरेंद्र सोनी राज्य स्तरीय मोगली उत्सव में शामिल



**बरही।** मप्र लोक शिक्षण संचालनालय भोपाल के निर्देशानुसार मोगली उत्सव का आयोजन होता है। इस वर्ष यह आयोजन 27 October से 30 October तक पेंच राष्ट्रीय उद्यान जिला सिवनी में आयोजित है जिसमें सान्दीपनि करेला के छात्र सुरेंद्र सोनी जिले से चयनित होकर राज्य मोगली उत्सव में शामिल होने का अवसर प्राप्त हुआ। विद्यालय के मार्गदर्शी शिक्षक ईको क्लब प्रभारी अमित सोनी के मार्गदर्शन में छात्र ने सफलता प्राप्त की।

### कैमोर थाना क्षेत्र में हुई वारदात, बाइक सवार बदमाशों ने मारी गोली, भाजपा नेता की हत्या से बढ़ा तनाव

# दिन दहाड़े सरेराह भाजपा नेता की गोली मारकर हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

कैमोर थाना क्षेत्र में भाजपा नेता की दिन दहाड़े सरेराह गोली मारकर हत्या कर दी गई। बाइक सवार दो नकाबपोश बदमाशों ने फायरिंग की और भाग गए। गोली लगते ही भाजपा नेता लहूलुहान होकर सड़क पर गिर पड़ा। मौके पर मौजूद लोगों ने पुलिस को कॉल किया। पुलिस पहुंची और घायल को अस्पताल पहुंचाया, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया।

जानकारी के अनुसार घटना कैमोर नगर में मंगलवार सुबह करीब 11 बजे बैंक ऑफ बड़ौदा के समीप हुई। कैमोर में भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा मंडल अध्यक्ष नीलेश रजक अपनी बच्ची को स्कूल से लाने बाइक से जा रहे थे तभी बाइक पर आए नकाबपोश बदमाशों ने हमला कर दिया। पूरी घटना पास ही लगे सीसीटीवी में कैद हो गई। सीसीटीवी फुटेज में दोनों हमलावर बाइक से आकर भाजपा नेता को गोली मारते स्पष्ट दिखाई दे रहे हैं। पुलिस ने फुटेज कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। हमलावरों की पहचान और तलाश की जा रही है। शुरुआती जांच में हत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है।

नीलेश के परिजन आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर मांग कर रहे थे। मौके पर मौजूद पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने उन्हें आश्वासन दिया।



### गिरफ्तारी के लिए टीमें बनाई

विजयराघवगढ़ एसडीओपी वीरेंद्र धारवे ने बताया कि घटना सुबह साढ़े 11 बजे की है। नीलेश रजक नाम के युवक को कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने गोली मारी है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। हम टीमें बनाकर काम कर रहे हैं। पूरी कोशिश है कि आरोपी जल्द गिरफ्तार हों। किसी भी हालत में आरोपियों को बख्शा नहीं जाएगा।

नीलेश रजक पिछले कई वर्षों से भाजपा से जुड़े हुए थे। 2023-24 में उन्हें पार्टी ने पिछड़ा मोर्चा का मंडल अध्यक्ष नियुक्त किया था। इसके साथ ही, उन्हें बूथ अध्यक्ष की जिम्मेदारी भी सौंपी गई थी।



### संदेही के पिता ने लगाई फांसी, मां ने खाया जहर

भाजपा नेता नीलेश रजक की हत्या के मामले में पुलिस जिन दो संदिग्धों की तलाश कर रही है, उनमें से एक युवक अमरैया पार क्षेत्र का निवासी है। बताया जा रहा है कि अकरम नामक युवक का दो महीने पहले विवाद हुआ था। वारदात के दिन यह युवक कैमोर के ही रहने वाले प्रिंस नामक युवक के साथ देखा गया था। हत्या के बाद से दोनों फरार हैं और पुलिस उनकी तलाश में जुटी हुई है। इसी बीच संदेही प्रिंस के पिता जोसफ ने मंगलवार दोपहर अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बताया जाता है कि वह पेशे से बस ड्राइवर था। वह सुबह बस लेकर कटनी गया था और करीब 11 बजे वापस कैमोर लौटा। घर पहुंचते ही उसने कमरा बंद किया और फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। परिवार के लोगों द्वारा दरवाजा तोड़कर देखा गया तो वह मृत अवस्था में मिला। स्थानीय सूत्रों के मुताबिक, जोसफ की पत्नी ने भी सदमे में आकर जहर खा लिया । महिला को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना की जानकारी मिलते ही एसपी अभिनय विश्वकर्मा सहित पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी कैमोर पहुंच गए। क्षेत्र में तनाव की स्थिति को देखते हुए भारी पुलिस बल तैनात किया गया है।

### सांसद वीडी शर्मा ने की सीएम और डीजीपी से बात

कैमोर में भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा मंडल अध्यक्ष नीलेश रजक की दिनदहाड़े हुई हत्या ने पूरे जिले को झकझोर दिया है। इस जघन्य घटना पर भाजपा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष एवं सांसद श्री विष्णुदत्त शर्मा (वी.डी. शर्मा) ने गहरा आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि यह समाज और मानवता दोनों के लिए शर्मनाक कृत्य है। उन्होंने कहा कि एक सामाजिक कार्यकर्ता और पार्टी के समर्पित कार्यकर्ता की सरेआम गोली मारकर हत्या होना अत्यंत दुःखद और निंदनीय है।

#### सख्त कार्यवाही के निर्देश

घटना की जानकारी मिलते ही श्री शर्मा ने तत्काल मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव तथा प्रदेश के पुलिस महानिदेशक (DGP) से बात की और दोषियों के खिलाफ कठोरतम कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

#### अपराधिक तत्वों को संरक्षण

सांसद शर्मा ने कहा कि कटनी में कुछ तत्वों द्वारा अपराधियों को संरक्षण देने की बात सामने आ रही है, जो अत्यंत गंभीर मामला है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि ऐसे लोगों की पहचान कर पुलिस को उनके खिलाफ सख्त कदम उठाने चाहिए। श्री शर्मा ने यह भी कहा कि कुछ मामलों में समाज विशेष को फंसा कर उन्हें निशाना बनाकर सहानुभूति बटोरने की साजिशें रची जा रही हैं, जिन्हें अब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

#### जरूरी है कठोर कार्यवाही

उन्होंने कहा कि धर्म विशेष होने की आड़ में अपराध करने वालों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई अनिवार्य है। श्री शर्मा ने कहा कि पार्टी संगठन पीड़ित परिवार के साथ पूरी मजबूती से खड़ा है और यह सुनिश्चित किया जाएगा कि नीलेश रजक के हत्यारों को शीघ्र गिरफ्तार कर कठोर सजा दी जाए, ताकि यह सजा पूरे प्रदेश में ऐसी घटनाओं को करने वालों और उन्हें संरक्षण देने वालों के खिलाफ ख़ौफ़ बने।

अंत में श्री शर्मा ने दिवंगत पिछड़ा वर्ग मोर्चा मंडल अध्यक्ष नीलेश रजक को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि इस कठिन समय में पूरा संगठन पीड़ित परिवार के साथ है। उन्होंने जनता से संयम बनाए रखने और प्रशासन पर भरोसा रखने की अपील की।



### आईजी एवं डीआईजी भी पहुंचे कटनी, भारी पुलिस बल तैनात

कैमोर में युवक नीलेश रजक की गोली मारकर हत्या के बाद पूरे इलाके में तनाव फैल गया है। स्थिति को काबू में रखने के लिए प्रशासन ने मोर्चा संभाल लिया है। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस महानिरीक्षक (IG) प्रमोद वर्मा दोपहर बाद कटनी पहुंचे, जबकि पुलिस उपमहानिरीक्षक (DIG) अतुल सिंह सुबह से ही कैमोर में मौजूद रहकर हालात पर बारीकी से नजर रख रहे हैं।पुलिस अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया और स्थानीय प्रशासन के साथ बैठक कर स्थिति का आकलन किया। सूत्रों के अनुसार, पूरे घटनाक्रम की विस्तृत समीक्षा की जा रही है और अधिकारियों ने कानून-व्यवस्था बनाए रखने के सख्त निर्देश दिए हैं।कैमोर और आसपास के इलाकों में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गई है। संवेदनशील इलाकों में गश्त बढ़ा दी गई है ताकि किसी भी तरह की अप्रिय स्थिति को रोका जा सके।

### बिहार से कटनी लौटे विजयराघवगढ विधायक संजय पाठक

भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के मंडल अध्यक्ष नीलेश रजक की हत्या की सूचना मिलने पर विजयराघवगढ़ विधायक संजय पाठक ने अपनी संवेदना व्यक्त करते हुए दुख जताया एवं अपनी परिजनों को दुख सहन करने की प्रार्थना की। उन्होंने कहा कि पार्टी ने अपना एक अच्छा कार्यकर्ता समाजिक व्यक्तित्व एवं मैंने अपना छोटे भाई को खो दिया है। बिहार में अपना आगे का चुनाव प्रचार कार्यक्रमों को रद्द करते हुए तत्काल विजयराघवगढ़ लौटने का फ़ैसला लिया और कटनी पहुंचे।

पूरे घटनाक्रम की विस्तृत समीक्षा की जा रही है और अधिकारियों ने कानून-व्यवस्था बनाए रखने के सख्त निर्देश दिए हैं। कैमोर और आसपास के इलाकों में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गई है। संवेदनशील इलाकों में गश्त बढ़ा दी गई है ताकि किसी भी तरह की अप्रिय स्थिति को रोका जा सके।





### एएसपी ने दी समझाइश, कैमोर क्षेत्र रहा पूरा बंद

नीलेश रजक की हत्या के बाद एएसपी संतोष डेहरिया भी मौके पर पहुंचे। विजयराघवगढ़ अस्पताल के बाहर आक्रोशित जनता और बजरंग दल के लोगों ने एएसपी को घेर लिया। एएसपी ने लोगों को शांत कराने का प्रयास किया लेकिन आक्रोशित लोगों ने जमकर हंगामा किया और कहा घटना के आरोपियों को जल्द ही गिरफ्तार किया जाये नहीं तो जनता सड़क पर आ जाएगी। लोगों में जमकर आक्रोश व्याप्त रहा और कैमोर क्षेत्र पूरा बंद रहा।

## कार्तिक स्नान के बाद महिलाओं ने किया तुलसी पूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उमरियापान

पवित्र कार्तिक मास के अवसर पर सुबह महिलाओं ने परंपरागत रूप से कार्तिक स्नान के बाद तुलसी पूजन किया। महिलाओं ने स्नान कर भगवान विष्णु और तुलसी माता की पूजा-अर्चना की।महिलाओं ने विधि-विधान से तुलसी के पौधे की आरती उतारी, दीपदान किया और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर उमरियापान के चंडी माता मंदिर और घरों में धार्मिक वातावरण बना रहा।



महिलाओं ने एक-दूसरे को सौभाग्य का प्रतीक सुहाग सामग्री भेंट कर पर्व की शुभकामनाएँ दीं।पूरे दिन श्रद्धा और भक्ति का माहौल रहा तथा श्रद्धालु महिलाओं ने तुलसी के चारों ओर परिक्रमा लगाकर व्रत कथा सुनी।इसके बाद भजन कीर्तन

### श्रीकृष्ण जन्मोत्सव की कथा सुन भाव विभोर हो उठे श्रद्धालु

**उमरियापान।** संत बनवारी दास महाराज सानिध्य में उमरियापान के कटरा बाजार में चल रही श्रीमद्भागवत कथा में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव बड़े ही हर्षोल्लास और श्रद्धा भक्ति के साथ मनाया गया। श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीकृष्ण का पंचामृत स्नान, श्रृंगार और झूला झुलाने के बाद आरती की। भगवान को 56 भोग लगाया गया। जन्मोत्सव के अवसर पर आयोजित भागवत कथा में कथावाचक ने भगवान श्रीकृष्ण के जीवन से जुड़ी लीलाओं, बाल्यकाल की घटनाओं और धर्म स्थापना के उद्देश्य पर विस्तृत कथा सुनाई। कथा श्रवण करते हुए श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। भगवान श्रीकृष्ण का जन्म होते ही नंद घर आनंद भयो के जयकारों से पूरा वातावरण गूंज उठा।

### एनकेजे पुलिस ने की कार्रवाई, शराब वैध या अवैध, की जा रही जांच

## ट्रक में भरी थी 1100 से अधिक अंग्रेजी शराब की पेटियां, पुलिस ने किया जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

एनकेजे पुलिस के शराब की पेटियों से भरा एक ट्रक को पकड़ा है। पुलिस ने संदेह के आधार पर ट्रक को रोक कर चेक किया तो उसमें 1100 अंग्रेजी शराब की पेटियों से भी अधिक मात्रा में शराब रखी हुई पाई गई। पुलिस ने शराब की पेटियों से भरे ट्रक को जब्त तक कर लिया है। बताया जाता है कि छिंदवाड़ा से एक ट्रक शराब शहडोल ले जाई जा रही थी।

#### चालक से की पूछताछ

एनकेजे थाना प्रभारी रूपेंद्र सिंह राजपूत ने बताया कि बीती रात वाहन चेकिंग के दौरान शराब की पेटियों से लदे ट्रक को जप्त किया है। ट्रक में 1100 पेटी से भी अधिक अवैध अंग्रेजी शराब पाई गई है। पुलिस के मुताबिक एनकेजे थाना क्षेत्र के जुहला बाईपास पर पुलिस ने चेकिंग के दौरान ट्रक क्रमांक एमपी 09 एचजी 1142 को पकड़ा। ट्रक शराब से लदा हुआ था। बताया जाता है की यह ट्रक छिंदवाड़ा से शहडोल की ओर जा रहा था।



चेकिंग के दौरान पुलिस को ट्रक की गतिविधियों पर संदेह हुआ, जिसके बाद उसे रोककर जांच की गई। जांच के दौरान पुलिस को ट्रक में भारी मात्रा में शराब की पेटियां मिली। एनकेजे थाना पुलिस ने मौके से ट्रक को जब्त कर लिया है और चालक से पूछताछ की जा रही है। पुलिस का कहना है कि पूरा मामला अवैध शराब परिवहन से जुड़ा हो सकता है।

सूत्रों के अनुसार यह बरामदगी जिले में अवैध शराब नेटवर्क के खिलाफ अब तक की बड़ी कार्रवाई मानी जा रही है। प्रकरण को लेकर एनकेजे थाना प्रभारी रूपेंद्र सिंह राजपूत ने बताया कि एनकेजे थाना पुलिस द्वारा छानबीन की जा रही है कि किसका ट्रक था और कहां जा रहा था। शराब ट्रक में अवैध था या वैध इसकी पुलिस द्वारा छानबीन की जा रही है। पकड़ा गया ट्रक किसका था और कहां जा रहा था। शराब ट्रक में अवैध थी या परमिट की शराब ले जाई जा रही थी प्रकरण की जांच के बाद ही पता चल पाएगा। पुलिस मामले की गहराई से जांच कर रही है।

### नगर निगम ऑडिटोरियम भवन में होगा मुख्य समारोह

## मप्र स्थापना दिवस पर जिले में आयोजित होंगे विविध कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

मध्यप्रदेश की स्थापना दिवस पर 1 नवंबर से 3 नवंबर तक जिला स्तर पर 3 दिवसीय विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। इसके लिये राज्य शासन द्वारा विस्तृत रूपरेखा जारी कर दी गई है। साथ ही सभी विभागों के विभागाध्यक्षों और जिला प्रशासन को कार्यक्रम को सफल बनाने के निर्देश दिये गए हैं।

कटनी में स्थापना दिवस पर भव्य समारोह के आयोजन हेतु कलेक्टर आशीष तिवारी ने नगर निगम आयुक्त सुश्री तपस्या परिहार को सम्पूर्ण कार्यक्रम का नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। जबकि डिप्टी कलेक्टर प्रदीप मिश्रा सहायक नोडल होंगे।

स्थापना दिवस का मुख्य कार्यक्रम शनिवार 1 नवम्बर को बस स्टैण्ड स्थित नगर निगम के आडिटोरियम भवन में प्रातः 11 बजे आयोजित किया जायेगा। साथ ही अन्य कार्यक्रमों को श्रृंखलाबद्ध अनुसार आयोजित किया जाएगा।

समारोह में जिले के गौरव चरित्र से संबंधित महापुरूषों की जीवनी पर प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा। साथ ही उच्च शिक्षा विभाग द्वारा दो सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

#### स्वदेशी उत्पादों की लगाई जायेगी प्रदर्शनी

मुख्य समारोह में नगर निगम ऑडिटोरियम भवन में विधानसभा क्षेत्र मुडवारा का स्वदेशी सम्मेलन आयोजित किया जायेगा। सम्मेलन में स्थानीय स्व-सहायता समूहों द्वारा निर्मित उत्कृष्ट वस्तुओं एवं उत्पादों की प्रदर्शनी लगाई जायेगी तथा उत्कृष्ट कार्य करने वाले स्व-सहायता समूहों को पुरस्कृत किया जायेगा। साथ ही वाणिज्य कर विभाग द्वारा जीएसटी बचत उत्सव-स्वालम्बी भारत की प्रदर्शनी लगाई जायेगी। इसके अतिरिक्त स्थापना दिवस समारोह में जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र द्वारा एक जिला एक उत्पाद (ओडीओपी) प्रोजेक्ट के तहत उत्कृष्ट उद्योग की प्रदर्शनी प्रस्तुत की जाएगी।

महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा कार्यक्रम स्थल पर सुंदर रंगोली प्रतियोगिता आयोजित की जायेगी तथा आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं को आमंत्रित किया जाएगा। साथ ही महिला एवं किशोरी बालिका जागरूकता पर कविता, गायन, संगीत आदि कार्यक्रम भी आयोजित होंगे।

#### होंगी अन्य गतिविधियां

मुख्य कार्यक्रम के उपरांत शाम को कटायघाट स्थल पर दीपोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। स्थापना दिवस के अवसर पर शनिवार 1 नवंबर को जिले की सभी शासकीय भवनों पर रात्रि में रोशनी की जायेगी।

कार्यक्रम के दौरान जिले में शांति, कानून एवं यातायात की व्यवस्था सुदृण किये जाने हेतु सर्व राजस्व विभाग एवं पुलिस विभाग को निर्देशित किया गया है।

### टी.सी बजान स्कूल में आवास मेला आज

प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी ए.एच.पी. घटक के अंतर्गत प्रेम नगर-खिरहनी के ई.डब्ल्यू.एस. आवास के हितग्राहियों को योजनांतर्गत अंशदान ऋण स्वीकृत करने के संबध में 29 से 30 अक्टूबर तक आवास मेले का आयोजन टी.सी.बजान. स्कूल, जोन कार्यालय 04 में किया जाकर हितग्राही अंशदान की राशि 1.80 लाख का ऋण प्रदान करने की कार्यवाही की जाएगी। मंगलवार को नगर निगम कार्यालय में आयोजित आवास मेला मे प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी अंतर्गत 72 हितग्राहियों को उपस्थित हुए।

## कैमोर थाना प्रभारी एवं हेड कांस्टेबल को भेजा लाइन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

मंगलवार को कैमोर थाना क्षेत्र में हुए सनसनीखेज हत्याकांड के बाद कैमोर थाना प्रभारी अरविंद चौबे और प्रधान आरक्षक प्रेमशंकर पटेल को तत्काल प्रभाव से हटाकर पुलिस लाइन भेज दिया गया है। एसपी के एक्स हैंडल पर यह आदेश जारी किया गया है।

घटना के बाद अब भी आईजी और डीआईजी कैमोर में डटे हुए हैं, जो हालात पर लगातार नजर बनाए हुए हैं। एसपी अभिनय विश्वकर्मा पूरी स्थिति पर पल-पल की रिपोर्ट ले रहे हैं। बताया जाता है कि लापरवाही या चूक के किसी भी मामले में सख्त कार्रवाई होगी।

### जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक आज

**कटनी।** जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक 29 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे से जिला पंचायत के सभा कक्ष में आयोजित की गई है। जिला पंचायत सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर ने इस बैठक में कृषि विभाग, विद्युत विभाग, शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, लोक निर्माण विभाग, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग कटनी, पीआईयू, महिला एवं बाल विकास सहित अन्य संबंधित विभागों को अपने विभाग के अंतर्गत संचालित योजनाओं एवं कार्यों की अद्यतन प्रगति की जानकारी सहित उपस्थित होने के निर्देश दिए हैं।

## खबर संक्षेप



### शराब के लिए पैसे नहीं देने पर मारपीट करने वाले दो गिरफ्तार

**कटनी।** विजयराघवगढ़ थाना क्षेत्र में शराब पीने के लिए पैसे मांगना दो युवकों को महंगा पड़ गया। पैसे न देने पर गाली-गलौज और मारपीट करने वाले दोनों आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। थाना प्रभारी निरीक्षक रीतेश शर्मा ने बताया कि 21 अक्टूबर को ग्राम टीकर निवासी रामपाल लोधी (24) और गौरव लोधी (18) के साथ ग्राम के ही जितेन्द्र लोधी और शुभम लोधी ने रास्ता रोककर शराब पीने के लिए पैसे मांगे। पैसे देने से इंकार करने पर आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए लोहे के कड़े से हमला किया और जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू की। 27 अक्टूबर को दोनों को गिरफ्तार कर न्यायालय जेएमएफसी विजयराघवगढ़ के समक्ष पेश किया गया। कार्रवाई में सउनि जयराम साकेत, आरक्षक अनोज कोल और चालक मज्जू कोल की भूमिका रही।

### अप्रेंटिसशिप मेले का आयोजन 1 नवंबर को

**कटनी।** जिले के बेरोजगार युवाओं को रोजगार से जोड़ने तथा एक छत के नीचे रोजगार की सुविधा उपलब्ध कराने हेतु कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर शनिवार 1 नवंबर को उर्वशी होटल कलेक्ट्रेट के पास कटनी में सुबह 11 बजे से 3 बजे तक एक दिवसीय रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेले का आयोजन किया जा रहा है। जिला रोजगार अधिकारी डी के पासी ने बताया कि यह मेला जिला रोजगार कार्यालय, जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र एवं शासकीय आई.टी.आई. कटनी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हो रहा है। इस रोजगार मेले में जिले के युवाओं को निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित कंपनियों में नौकरी दिलाई जायेगी। वहीं दूसरी ओर उन्हें स्वरोजगार से जोड़ने के लिए लोन भी उपलब्ध कराया जायेंगा। साथ ही चयनित युवाओं को जिले के बाहर की कंपनियों में अप्रेंटिसशिप में भी भेजा जायेंगा।

### जिले में अब तक 1166.6 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**कटनी।** जिले में इस वर्ष रविवार 1 जून से मंगलवार 28 अक्टूबर तक कुल 1166.6 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। जिले में सर्वाधिक औसत वर्षा इस साल रीठी तहसील में दर्ज की गई है, जहां अब तक 1482.4 मिलीमीटर वर्षा हुई है। इसी अवधि में जिले में बीते वर्ष कुल 1087.1 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई थी। इस प्रकार इस साल अब तक पिछले वर्ष की तुलना में 7.3 प्रतिशत अधिक औसत वर्षा हो चुकी है। अधीक्षक भू-अभिलेख अमृता गर्ग ने बताया कि जिले में आलोच्य अवधि तक कटनी तहसील में 1225.4 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। जबकि तहसील रीठी में 1482.4 मिलीमीटर, बड़वारा तहसील में 1040.0 मिलीमीटर, बरही तहसील में 1053 मिलीमीटर और विजयराघवगढ़ तहसील में 999.9 मिलीमीटर, बहोरीबंद तहसील में कुल 1057 मिलीमीटर एवं स्लीमनाबाद तहसील में 1360 मिलीमीटर तथा ढीमरखेड़ा तहसील में 1111.9 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है।

### प्रतिनिधियों ने नगर का किया संयुक्त निरीक्षण

**कटनी।** नगर की सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखनें हेतु महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी एवं निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार के निर्देशों के अनुपालन में मंगलवार को भी निगम के स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी एवं एम.एस.डब्लयू के प्रबंधक द्वारा नगर भ्रमण किया जाकर विभिन्न कचरे के प्वाइंटों की सफाई कराकर नगर की सफाई व्यवस्था को दुरुस्त रखने के प्रयास किये गए। नगर के विभिन्न स्थलों के नाले एवं नालियों की सफाई कराई जाकर अपशिष्ट का उठाव कार्य किया गया।

## परिवहन विभाग ने कटनी मैहर मार्ग में चलाया विशेष जांच अभियान

# कार्रवाईः बसों में कमियां मिलने पर सात बसों पर 13 हजार रूपए का ठोंका जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी









परिवहन विभाग द्वारा मंगलवार को कटनी–मैहर मार्ग पर यात्री वाहनों की सघन जांच का अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान परिवहन विभाग की टीम ने मार्ग पर संचालित विभिन्न यात्री बसों की बारीकी से जांच की। जांच के दौरान कुल 7 बसों में नियम विरुद्ध गतिविधियाँ एवं सुरक्षा उपकरणों की कमी पाई गई। विभागीय अधिकारियों ने तत्काल प्रभाव से सभी वाहनों पर चालानी कार्यवाही की।जिन बसों पर कार्यवाही की गई, उनमें MP21P0944, MP21P0168, MP21P0205, MP17P0874 और MP21ZB9944 शामिल हैं। इन बसों में अग्निशमन यंत्र (फायर एक्सटिंग्विशर) उपलब्ध नहीं पाए गए, जो कि परिवहन सुरक्षा मानकों के अनुसार अनिवार्य है। यात्रियों की सुरक्षा के दृष्टिकोण से यह गंभीर लापरवाही मानी गई, जिसके चलते इन सभी वाहनों पर चालानी कार्रवाई करते हुए समन शुल्क वसूला गया। इसके अतिरिक्त MP17P0811 बस जो कि रीवा से कटनी की ओर बारात परमिट पर संचालित हो रही थी, उसमें सामान्य सवारियों को बैठाकर परिवहन करते हुए पाया गया। बारात परमिट केवल विशेष अवसरों, जैसे विवाह या धार्मिक आयोजनों में यात्रियों के सीमित उपयोग हेतु जारी किया जाता है। इस परमिट पर सामान्य सवारियों का परिवहन पूर्णतः प्रतिबंधित है। इस उल्लंघन के कारण उक्त बस पर भी नियमानुसार चालानी कार्यवाही की गई।अभियान के अंतर्गत कुल सात वाहनों से ₹13,000 (तेरह हजार रुपये) का समन शुल्क वसूला गया। अधिकारियों ने बताया कि इस प्रकार की कार्रवाईयां भविष्य में भी निरंतर रूप से जारी रहेंगी, ताकि सभी वाहन संचालक नियमों का पालन करें और यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

परिवहन विभाग ने बस मालिकों एवं संचालकों से अपील की है कि वे अपने वाहनों में सभी अनिवार्य सुरक्षा उपकरण जैसे अग्निशमन यंत्र, प्राथमिक उपचार पेटी, आपातकालीन निकास व्यवस्था आदि अनिवार्य रूप से रखें। साथ ही, परमिट की शर्तों का पालन करें तथा यात्रियों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दें। इस अभियान का उद्देश्य सड़क सुरक्षा को सुदृढ़ करना, परिवहन नियमों का पालन सुनिश्चित करना तथा यात्रियों की सुरक्षा से जुड़ी अनिवार्य व्यवस्थाओं की जांच करना था।

कलेक्टर एवं परिवहन आयुक्त ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि नियमों के उल्लंघन पर सख्त कार्रवाई की जाए और सड़क सुरक्षा से संबंधित जनजागरूकता अभियानों को भी बढ़ावा दिया जाए। विभाग का उद्देश्य केवल चालान वसूलना नहीं, बल्कि यातायात नियमों के पालन की संस्कृति विकसित करना है ताकि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके। जांच अभियान ने यह स्पष्ट संदेश दिया कि यात्री सुरक्षा से जुड़ी किसी भी लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## शीतलहर के प्रकोप से बचाव के लिए जारी की एडवाइजरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

आगामी शीतकालीन मौसम में प्रदेश सहित देश के अधिकांश भागों में तापमान सामान्य से न्यूनतम रहने की संभावना के चलते जनसमुदाय को शीतलहर (शीतघात) से बचाने के लिए राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के निर्देश पर कलेक्टर आशीष तिवारी द्वारा विभागों को सभी आवश्यक कदम उठाने के सुझाव देते हुए जनसामान्य के लिए एडवाइजरी जारी की गयी है।

एडवाइजरी में नागरिकों को सुझाव दिया गया है कि शीतलहर से पहले सर्दियों के कपड़े पर्याप्त मात्रा में रखें। कपड़ों की कई परतें पहनना भी लाभदायक रहता है। आपातकालीन आपूर्तियों के लिए सभी सामान तैयार रखें।

शीतलहर के दौरान जितना संभव हो, घर के अंदर रहें ठंडी हवा से बचने के लिए कम से कम यात्रा करें। अपने शरीर को सुखाकर रखें यदि कपड़े गीले हो जाये तो उन्हें तुरंत बदलें। इससे शरीर की ऊष्मा बनी रहेंगी। मौसम की ताजा जानकारी के लिए रेडियो सुने, टीवी देखें, समाचार पत्र पढ़े। साथ ही नियमित रूप से गर्म पेय पिये और बुजुर्गों और बच्चों का ख्याल रखें।

शीतदंश के लक्षणों जैसे हाथ की उंगलियों, पैर की उंगलियों, कानों की लोब और नाक की नोंक पर सुन्नता, सफेदी या पीलेपन के प्रति सजग रहे। शीतदंश से प्रभावित हिस्से की मालिश न करें इससे अधिक नुकसान हो सकता है। शीतदंश से प्रभावित हिस्सों को गुनगुने पानी में डालें। इसके अलावा कंपकपी को नजरअंदाज न करें। यह एक महत्वपूर्ण अग्रिम संकेत है कि शरीर गर्मी खो रहा है। कंपकपी महसूस होने पर तुरंत घर लौटे।

हाइपोथर्मिया के मामले में व्यक्ति को गर्म स्थान पर ले जाये और कपड़े बदल दें। व्यक्ति के शरीर को सूखे कंबलों, कपड़ों, तौलियों या चादर से गर्मी दें। शरीर के तापमान को बढ़ाने में मदद करने के लिए गर्म पेय पिलायें लेकिन मादक पदार्थ न दें। जितनी जल्दी हो सके व्यक्ति को उचित चिकित्सा उपलब्ध करायें।

कलेक्टर ने संभावित शीत लहर के प्रकोप को गंभीरता से लेते हुये इससे होने वाली क्षति को कम करने हेतु जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, मौसम विज्ञान केन्द्र, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग, स्कूल शिक्षा विभाग, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, पुलिस विभाग, आपदा प्रबंधन संस्थान, एसडीईआरएफ एवं होमगार्ड्स, श्रम विभाग, सहित अन्य विभागों को आवश्यक कदम उठाने हेतु दिशा-निर्देश जारी किये हैं।

*निगमायुक्त ने समीक्षा कर वसूली कार्य में गति लाने दिये निर्देश*

## लक्ष्य अनुरूप वसूली नहीं पाए जानें पर 5 राजस्व उप निरीक्षकों को थमाया नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



वित्तीय वर्ष की समाप्ति के शेष बचे माहों में निर्धारित डिमांड के अनुरूप राजस्व उपनिरीक्षकों द्वारा बकाया वसूली हेतु किए जा रहे दैनिक प्रयासों की समीक्षा निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार द्वारा की जाकर विगत बैठक के दौरान दिए निर्देशों के अनुरूप ही राजस्व वसूली करते हुए वसूली कार्य में गति लाने के निर्देश उपस्थित राजस्व अमले को दिए।

निगमायुक्त सुश्री परिहार द्वारा बैठक में कुल डिमांड के एवज में अब तक की गई कुल वसूली तथा साप्ताहिक वसूली की समीक्षा की जाकर वसूली लक्ष्य अनुरूप नहीं पाए जाने पर गहन नाराजगी व्यक्त की गई। निगमायुक्त द्वारा बैठक में उपस्थित राजस्व उपनिरीक्षकों से उनके वार्ड के कुल भवनों एवं कर संग्रहण हेतु शेष भवनों व उनसे वसूली हेतु की गई तैयारियों की जानकारी एक-एक कर चाही गई। जिस पर उपस्थित राजस्व निरीक्षकों द्वारा जानकारी संतोषजनक नहीं दिये जाने तथा बिना तैयारी के बैठक में उपस्थित होने पर निगमायुक्त सुश्री परिहार द्वारा समस्त राजस्व उप निरीक्षकों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश देते हुए बुधवार शाम तक संपूर्ण जानकारी के साथ पुनः बैठक में उपस्थित होने की सख्त हिदायत दी गई।

निगमायुक्त नें निर्देशित किया कि राजस्व वसूली कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। सभी राजस्व उपनिरीक्षक अपने अधीन कार्यरत टेक्स वूसलीकर्ताओं द्वारा प्रतिदिन किये जा रहे वसूली कार्य की समीक्षा करें, आप स्वयं उनके साथ वसूली कार्य में जायें किसी भी प्रकार की परेशानी होने पर वरिष्ठ अधिकारियों को सूचित करें तथा दिसंबर 2025 तक कुल डिमांड की 80 प्रतिशत वसूली का कार्य पूर्ण करने हेतु आपसी समन्वय के साथ जमीनी स्तर पर प्रयास करने उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया गया।

बैठक के दौरान उपयुक्त शैलेश गुप्ता एवं राजस्व अधिकारी जागेश्वर प्रसाद पाठक सहित राजस्व विभाग के अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहें।

## साइबर फ्राड से बचने ग्रामीणों को किया जागरूक



सायबर फ्राड से लोगों को सुरक्षित रहने के लिए जिला पुलिस कप्तान अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशानुसार बड़वारा थाना प्रभारी केके पटेल अपने हमराह स्टाफ के साथ जागरूकता अभियान चला रहे हैं। अभियान में लगातार लोगों को जागरूक करने का प्रयास बड़वारा पुलिस बड़े ही कर्तब्य भावना से कर रही है। इसी कड़ी में बड़वारा थाना क्षेत्र के ग्राम सलैया नायक जाकर सम्बंधित जानकारी दी गई। बड़वारा थाना प्रभारी केके पटेल ने सरपंच एवम सचिव से ग्राम के प्रवेश द्वार में कैमरा लगाने के विषय में चर्चा की जिस पर ग्राम सरपंच एवम सचिव ने सहमति व्यक्त की। पुलिस जागरूकता कार्यक्रम में विस्तृत रूप से जानकारी देते हुए थाना प्रभारी केके पटेल ने कहा कि साइबर फ्रॉड से बचने के लिए आधुनिक तकनीक को समझना और जागरूक होना बहुत जरूरी है अपनी व्यक्तिगत एवं गोपनीय जानकारियां सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर शेयर करने से बचें।

## बिजौरी में रंग मंचीय कार्यशाला का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बड़वारा



विंग्स थिएटर द्वारा शासकीय हाई स्कूल बिजौरी, विकासखंड बड़वारा में एक रंगमंचीय कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में विद्यालय के छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और रंगमंच, अभिनय, गीत, संगीत एवं नृत्य के विभिन्न पहलुओं से स्वयं को परिचित कराया।कार्यशाला का संचालन विंग्स थिएटर के प्रमुख युवा रंगकर्मी, निर्देशक एवं अभिनेता हिम्मत गोस्वामी के मार्गदर्शन में किया गया।

उन्होंने विद्यार्थियों को रंगमंच और फिल्म अभिनय की बारीकियों से अवगत कराते हुए कहा कि थिएटर केवल मंचीय कला नहीं, बल्कि यह जीवन को समझने का माध्यम है। हिम्मत गोस्वामी ने बताया कि इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में एकाग्रता, आत्मविश्वास और अभिव्यक्ति की क्षमता का विकास करना था। "थिएटर गेम्स" और "सीन वर्क" जैसी गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों को कई ऐसे अभ्यास कराए गए, जिनसे उनकी एकाग्रता और मानसिक शांति में वृद्धि हो सके। उन्होंने कहा कि थिएटर से जुड़कर विद्यार्थी न केवल अभिनय सीखते हैं बल्कि जीवन में अधिक अनुशासित और आत्मविश्वासी बनते हैं। इस कार्यशाला को सफल बनाने में इल्यूजन थिएटर भोपाल का विशेष सहयोग रहा। इसके साथ ही विद्यालय के प्राध्यापकगण और स्थानीय समाजसेवी भाजपा मंडल महामंत्री पुष्पेंद्र पुरी गोस्वामी, हजारी साहू, पंकज गोस्वामी, प्रियांशु गोस्वामी आदि का भी सराहनीय योगदान रहा। अंत में हिम्मत गोस्वामी ने सभी सहयोगियों, विद्यालय प्रबंधन और प्रतिभागियों का हृदय से आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से विद्यार्थियों में सृजनात्मकता और टीम भावना का विकास होता है, जो उनके सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक है।

*राशन पर्ची में नाम जोड़ने तो किसी ने सरकारी योजना का लाभ नहीं मिलने की बताई परेशानी*

## जनसुनवाई में अधिकारियों 149 आवेदकों ने बताई समस्याएं, निराकरण के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर मंगलवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई में जिला पंचायत सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर एवं नगर निगम आयुक्त सुश्री तपस्या परिहार ने 149 आवेदकों की समस्याएं सुनीं और संबंधित विभागों के अधिकारियों को त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान बड़वारा तहसील के ग्राम मझगवाँ निवासी पंकज ने आवेदन देते हुए बताया कि मैं गरीब व्यक्ति हूँ एवं मजदूरी करके अपना जीवनयापन करता हूँ। मैंने राशन पर्ची में अपना नाम जुड़वाने के लिए कई बार ग्राम के सरपंच एवं सचिव को दस्तावेज दिए। परंतु अभी तक मेरा नाम राशन पर्ची में नहीं जोड़ा गया है। इस पर जनपद पंचायत बड़वारा के सीईओ एवं जिला आपूर्ति अधिकारी को पात्रतानुसार नाम जुड़वाने के निर्देश दिए गए।

ग्राम इमलीगढ़ निवासी योगेश कुर्मी ने बताया कि मेरे परिवार आईडी में त्रुटिवश किसी अन्य व्यक्ति का आधार लिंक हो गया है। इसे हटाने हेतु मैंने जनपद पंचायत बहोरीबंद में आवेदन दिया था। परंतु, अभी तक समग्र आईडी में सुधार नहीं किया गया है। इस कारण मुझे किसी भी शासकीय योजना का लाभ नहीं मिल रहा है। इस पर संबंधित अधिकारी को निराकरण के निर्देश दिए गए।

जनसुनवाई के दौरान ग्राम जुहली निवासी बसोरी बर्मन ने बताया कि मुझे वर्ष 2023 तक किसान सम्मान निधि की राशि प्राप्त हो रही थी। परंतु, लगभग 2 वर्षों से मुझे इस योजना का लाभ नहीं मिल रहा। पटवारी से संपर्क करने के बावजूद मेरी समस्या का निराकरण अब तक नहीं हो सका है। इस पर तहसीलदार कटनी को शिकायत का निराकरण करने के निर्देश दिए गए।

ग्राम पोस्ट खितौली निवासी संतोष माली ने बताया कि गाँव के ही निवासी तेज प्रकाश सिंह, कमलभान सिंह एवं सत्यप्रकाश द्वारा स्टेट हाईवे से लगी शासकीय भूमि पर अवैध कब्जा कर पक्का मकान बनाया जा रहा है। इन तीनों व्यक्तियों के द्वारा किये जा रहे अवैध अतिक्रमण के विरूद्ध कार्यवाही की जाय। तहसीलदार बरही को कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए।

## स्वच्छता संदेश के साथ प्लास्टिक मुक्त मेले का करें आयोजन

# कार्तिक पूर्णिमा से आयोजित होगा श्री बजरंग कटाये घाट मेला

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



नगर पालिक निगम द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी श्री बजरंग कटाये घाट मेले का भव्य आयोजन कार्तिक पूर्णिमा से किया जाएगा इस दौरान विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ ही खेलकूद कार्यक्रमों विभिन्न मनोरंजन गतिविधियां आयोजित कर बच्चों, युवाओं एवं महिलाओं को मेले से जोडते हुए भव्य एवं सफल मेला आयोजित करने का निर्णय महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी की अध्यक्षता में मंगलवार को आयोजित श्री बजरंग कटाएघाट मेला आयोजन की बैठक के दौरान लिया गया। बैठक में निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार, एमआईसी सदस्य डॉ रमेश सोनी, सुभाष साहू, बीना बैनर्जी,सुरेंद्र गुप्ता, गोविंद चावला, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष रामचंद्र तिवारी, चमनलाल आनंद, पार्षद सीमा श्रीवास्तव, सरला संतोष मिश्रा नन्ही बाई तुलाराम गौटिया,सुखदेव चौधरी, उमेन्द्र अहिरवार, पूर्व पार्षद विजय डब्बू रजक, संजीव सूरी, समाजसेवी संजय तिवारी, विनीत जायसवाल, नरेश अग्रवाल, जनप्रतिनिधियो एवं गणमान्यजनों की मौजूदगी रही।

बैठक में चर्चा उपरांत सर्वसम्मति से मेले का शुभारंभ परम्परानुसार इस वर्ष भी कार्तिक पूर्णिमा 5 नवंबर बुधवार को मधई मंदिर से जुलूस निकालकर किये जाने का निर्णय लिया गया। इसके अतिरिक्त इस वर्ष भी पाँच दिवसीय मेले में स्कूल के छात्र -छात्राओं द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम, विज्ञान प्रदर्शनी, खेल प्रतियोगिता, सेल्फी प्वाइंट बनाए जानें, वेट लिफ्टिंग, कवि सम्मेलन, सुंदरकांड, सामाजिक सन्देश देती हुई स्क्रीनिंग कार्यक्रम ,दीवाली नृत्य, निबंध व भाषण जैसे कार्यक्रम का आयोजन कर मेले को मनोरंजक बनाने विस्तृत चर्चा की गई।

महापौर श्रीमती सूरी ने उपस्थित सभी अधिकारियों एवं शाला प्राचार्यों से चर्चा करते हुए कार्यक्रम के दौरान सभी व्यवस्थाओं जैसे साफ सफाई पार्किंग व्यवस्था, प्राथमिक उपचार, एम्बुलेंस, मोबाइल टॉयलेट, इत्यादि की व्यवस्था पूर्व से करते हुए श्री बजरंग कटाये घाट मेला को प्लास्टिक मुक्त रखने की बात कही।

वहीं बैठक के दौरान निगम आयुक्त सुश्री तपस्या परिहार ने बैठक के दौरान प्राप्त सुझाव व समस्याओं का निराकरण करते हुए विस्तृत कार्ययोजना के अनुसार सफल मेले का आयोजन किये जाने की बात कही। मेले को और अधिक आकर्षक बनाने के लिए मेले में आकर्षक साज-सज्जा ,बच्चों, महिलाओं व युवाओं सभी वर्ग के अनुसार कार्यक्रम आयोजित किए जायेंगे। निगमायुक्त ने अधिकारियों को एरिया का ले-आउट तैयार कर, मिनट टू मिनट कार्यक्रम तैयार करने, सुरक्षा की दृष्टि से मेला परिसर में कंट्रोल रूम बनाने तथा कैमरे लगाए जाने ,मेले के दौरान सभी दुकानों को व्यवस्थित लगाये जाने के साथ मेला परिसर में स्वच्छता बनाए रखने हेतु टीम को तैनात रखते हुए लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने व व्यापक प्रचार-प्रसार के निर्देश दिए।

बैठक के दौरान प्र कार्यपालन यंत्री सुधीर मिश्रा, असित खरे,राजस्व अधिकारी जागेश्वर प्रसाद पाठक आदि उपस्थित रहे।

## समग्र का आधार से ई-केवाईसी कराएं नहीं तो सुविधाओं का नहीं मिलेगा लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

शासन निर्देशानुसार अब समग्र आईडी का आधार से ई-केवाईसी कराने वाले नागरिकों को ही शासकीय योजनाओं और सुविधाओं का लाभ प्राप्त हो सकेगा। समग्र आईडी की ई-केवाईसी नहीं कराने वाले नागरिकों को किसी भी शासकीय योजनाओं और सुविधाओं का लाभ नहीं मिल सकेगा।

उपायुक्त एवं नोडल अधिकारी समग्र शैलेश गुप्ता ने बताया कि नगर निगम द्वारा समग्र से आधार ई-केवाईसी की कार्यवाही अभियान चलाकर की जा रही है। इसके तहत ऐसे नागरिक गण जिन्होंने अभी तक अपनी समग्र आईडी की आधार के साथ ई-केवाईसी नहीं कराई है वे नगर निगम कार्यालय अथवा जोन कार्यालयों में 30 अक्टूबर 2025 के पूर्व संपर्क कर अपनी ई-केवाईसी निःशुल्क करा सकते है।

इसके अलावा एमपी ऑनलाइन और कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) केंद्र अथवा समग्र पोर्टल पर लिंक https://samagra.gov.in/Citizen/RFC/AdhaarRequest.aspx open कर भी ई-केवाईसी का अनुरोध दर्ज कर सकते है।

परिवार आई डी में समग्र से आधार ई केवाईसी नहीं होने की दिशा में शासन द्वारा संचालित समस्त विभागीय योजनाओं, सेवाओं का लाभ नहीं मिल सकेगा एवं समग्र आई डी विलोपित हो जाएगी। अतः असुविधा से बचने हेतु 30 अक्टूबर 2025 के पूर्व निगम कार्यालय, जोन कार्यालय अथवा सीएससी केंद्र में पहुंचकर समग्र ई केवाईसी करना सुनिश्चित करें। निगमायुक्त ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि समग्र आईडी की ई केवाईसी के लिए चलाए जा रहे अभियान को और अधिक गति दें।

**खबर संक्षेप**

## विश्व ऑक्यूपेशनल थेरेपी दिवस के अवसर पर कार्यशाला का आयोजन

**दमोह।** समेकित क्षेत्रीय कौशल विकास, पुनर्वास एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण केन्द्र सी.आर.सी. भोपाल के मार्गदर्शन में 27 अक्टूबर को विश्व ऑक्यूपेशनल थेरेपी दिवस जिला अस्पताल दमोह में संचालित जिला शीघ्र हस्क्षेप केन्द्र डीईआईसी बाल संजीवनी भवन में कार्यशाला आयोजित की गई। भोपाल से आई डॉ. पूनम सचदेवा व्याख्याता ऑक्यूपेशनल थेरेपी द्वारा अर्ली इंटरवेशन पर जोर देते हुये कहां कि उचित थेरेपी से बच्चों के शारीरिक सुधार लाया जा सकता है। डॉ. ऋतुराज सोनी ने ऑक्यूपेशनल थेरेपी के व्यावहारिक पक्षो, दैनिक जीवन की क्रियाशीलता में सुधार लाने वाली तकनीकों तथा सहायक उपकरणों के उपयोग के बारे में विस्तार से बताया। ऋषिकेष सपके ने मनोवैज्ञानिक दृष्टिकोण से पुनर्वास की आवश्यकता पर बल देते हुये कहां कि सकारात्मक सोच व सामाजिक सहयोग से रोगी की क्षमताओं को निखारने में अत्यंत सहायक होता है। सायकोलाजिस्ट पुष्पेन्द्र बलैया ने बताया कि दिव्यांगजनों का सशक्तिकरण व आटिज्म एवं अटेंशन डेफिसिट हाईपर एक्टिविटी डिसआर्डर रोग से पीडित रोगियों की पहचान कर विशेषज्ञों द्वारा विशेष थेरेपी देने से रोगी भी जीवन की मुख्य धारा में आ सकते है। इस कार्यशाला में लगभग 150 से अधिक प्रतिभागियों की उपस्थिति रही जिसमें चिकित्सक, नर्सिंग आफिसर, पोषण प्रशिक्षक, आरबीएसके चिकित्सक, आरकेएसके काउंसलर, डीईआईसी से डीईआईसी मैनेजर नरेश राठौर ने मंच संचालन किया, ऑडियोलाजिस्ट संदीप पटेल, सोशल वर्कर नवप्रकाश जैन, शुभम राठौर, नरेन्द्र रैकवार, अजय अहिरवाल, के अलावा एकलब्य नर्सिंग कॉलेज में अध्ययरत अनेक छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रहीं।

### गांव गांव जोर पकड़ रहा नशा मुक्ति अभियान

# महिलाओं की पहल पर सलैया में ऐतिहासिक शराबबंदी





हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबेरा/बनवार

जबेरा जनपद क्षेत्र के ग्राम पंचायत सलैया बड़ी में आज इतिहास रच दिया गया। पंचायत के तीनों गांवों की सैकड़ों महिलाएं एक साथ ग्राम पंचायत कार्यालय पहुंचीं और सरपंच अजय वेद की मौजूदगी में सचिव रवि साहू के माध्यम से शराबबंदी का प्रस्ताव तैयार कर सर्वसम्मति से पारित कराया। प्रस्ताव में स्पष्ट किया गया कि अब ग्राम पंचायत सलैया बड़ी के किसी भी गांव में शराब की बिक्री पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेगी। जो व्यक्ति शराब बेचने या उसके व्यापार में सहयोग करते पाए जाएंगे, उन पर कड़ी आर्थिक कार्रवाई की जाएगी। वहीं, नशे की हालत में गाली-गलौज या उपद्रव करने वालों पर भी जुर्माने का प्रावधान रखा गया है। इसी तर्ज पर ग्राम सिग्रामपुर में भी शराबबंदी का सफल आयोजन हुआ। यहां सरपंच अजय सोनकर ने ग्रामसभा की बैठक बुलाकर सर्वसम्मति से शराबबंदी का प्रस्ताव पारित किया। साथ ही गांव में निगरानी समिति का गठन किया गया, जो गली-गली में अवैध शराब की बिक्री और सेवन पर नजर रखेगी। इस ऐतिहासिक मुहिम में सैकड़ों महिलाओं और युवाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम में भगवती मानव कल्याण संगठन से प्रांतीय अध्यक्ष (किसान मोर्चा) शोभा सिंह, संभाग अध्यक्ष सुजान सिंह, जनपद उपाध्यक्ष रश्मि सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष प्रकाश सिंह धुर्वे, मगन यादव, नवल यादव, लक्ष्मण सिंह, वीरेंद्र सिंह और गोविंद सिंह सहित कई समाजसेवी उपस्थित रहे। यह कदम ग्रामों की सामाजिक जागरूकता का प्रतीक बन गया है और आने वाली पीढ़ियों के लिए नशामुक्त समाज की मिसाल पेश करता है।

# वेतन एवं बोनस सहित 11 माह का ऐरियर्स के लिये चक्कर काट रहे आउटसोर्स कर्मचारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा



नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कार्यारत आउटसोर्स कर्मचारियों को दो से तीन का वेतन एवं अप्रेल 2024 से बडी हुई वेत्तन का 11 माह का एरियर्स व बोनस नहीं मिलने के कारण सभी कर्मचारी कलेक्टर कार्यालय से लेकर विभाग के भी वरिष्ठ अधिकारियों के चक्कर काटकर परेशान हो रहे है। स्वास्थ्य विभाग के आउटसोर्स कर्मचारियों के साथ हर यहीं होता है हर बार अनेक माह का वेतन रोक दिया जाता है जिस कारण सभी कर्मचारियों को परिवार का भरण पोषण करने में समस्याए होने लगती है वैसे ही सभी कर्मचारियो को अल्प वेतन मिलता है और उसी को रोक दिया जाता है जिससे प्राप्त करने के लिए परेशान होना पडता है पिछले बार वेतन नहीं मिलने के कारण सभी कर्मचारियों ने अपना अपना काम छोडकर धरना पर बैठ गए थे। साथ ही अनेक दिन धरना पर बैठने के बाद ही कर्मचारियों को वेतन दिया गया था। इस बार भी ऐसी ही स्थिति बन रही है। मंगलवार को फिर कलेक्टर कार्यालय में पहुंचकर सभी कर्मचारियों ने वेतन दिलाने के लिए आवेदन देकर गुहार लगाई है। आवेदन में कहां है कि सेडमेप कटनी प्रतिमाह हम लोगों को वेतन भुगतान नही करती है लेकिन विभाग द्वारा जानकारी प्राप्त हुई है कि माह जुलाई, अगस्त एवं सितम्बर 2025 का भुगतान कम्पनी कटनी को हो चुका है। परन्तु कटनी के द्वारा केवल माह जुलाई 2025 का वेतन दिया है। जबकि कुछ कर्मचारियों जैसे गार्ड आदि की दीपावली के त्यौहार पर भी वेतन नही दी गयी है। माह अप्रैल 2024 में बढ़ी हुई वेतन का 11 माह का एरियर्स एवं बोनस अभी भी आप्राप्त है, जो नही दिया गया है। सभी आउटसोर्स कर्मचारियों ने कहां कि हम लोगो ने पहले भी दिनॉक 16 अप्रेल 2025 को कलेक्टर दमोह आवेदन पत्र दिया था। पुनः 27 मई 2025 को आवेदन दिया था। 21 अगस्त 2025 को मुख्य खण्ड चिकित्सा अधिकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तेंदूखेडा को आवेदन दिया था। 25 अक्टूबर 2025 को पुनः मुख्य खण्ड चिकित्सा अधिकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तेंदूखेडा आवेदन दिया है। लेकिन अभी तक कोई भी वेतन संबधि कार्यवाही नही की गई है। आवेदन देने बालो में विजय सिंह ठाकुर, गिरजेश कुमार सोनी, प्रीती बाल्मीकी, मिथलेश पाल, सुनील शाह, शुभम केबट, शकुन रैकवार, पूजा विश्वकर्मा, सविता, सहित अनेक आउटसोर्स कर्मचारी मौजूद रहे।

## सोयाबीन का भाव उम्मीद से ज्यादा

**दमोह।** जिले के पथरिया मण्डी में ग्राम सेमरा लखरोनी के किसान सानु राजपूत ने कहा कि सोयाबीन लेकर में पथरिया मंडी आया था। यहां मुझे अच्छा दाम मिला हैं, दाम मिलने पर मुझे खुशी हैं। उन्होंने कहा कि मैं यहां पर जब आया था तो मुझे उम्मीद थी कि 3000 रूपये करीब दाम मिलेगा लेकिन मुझे उससे अच्छा दाम मिल मिला। उन्होंने कहा कि उन्हें उम्मीद से अच्छा दाम मिला हैं मेरा सोयाबीन का दाम 3835 रूपये क्विंटल के मान से मिला। वह कहते हैं अच्छा दाम मिलने से मुझे बेहद खुशी है।

# किसान ने बिना नरवाई जलाए सुपर सीडर से की बोवनी, कृषि विभाग ने की सराहना



**जबेरा।** विकासखंड जबेरा के अंतर्गत आने वाले ग्राम चिलौद निवासी जागरूक किसान मिलन मिश्रा ने अपने खेतों में बिना नरवाई जलाए ही सुपर सीडर से बोवनी की है। किसान की इस समझदारी की कृषि विभाग जबेरा द्वारा सराहना करते हुए अन्य किसानों से भी बिना नवाई जलाए बोवनी करने की अपील की गई है। किसान मिलन मिश्रा ने बताया कि जिले के कलेक्टर महोदय द्वारा इस वर्ष भी आदेश दिए गए थे कि नरवाइज जलने पर दंडात्मक कार्यवाही की जाएगी जो किसानों के हित में भी है और नरवाई जलाने के दुष्परिणामों को देखते हुए मैंने अपने खेतों में बिना नरवाई जलाए ही सुपर सीडर से बोवनी की है। वही कृषि विकास जबेरा से वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी नरेंद्र सिंह ठाकुर ने बताया की नरवाई जलाने से भूमि के लाभदायक जीवाणु नष्ट हो जाते हैं। भूमि की संरचना एवं जलधारण क्षमता में विपरीत प्रभाव पड़ता है और इसके अलावा हमारे पर्यावरण पर भी बहुत अधिक प्रभाव पड़ता है। वृष्टि कृषि विकास अधिकारी ने किसानों से अपील करते हुए कहा कि बिना नरवाई जलाए भी कृषक सुपर सीडर से बोवनी कर सकते हैं जिसके अनेकों फायदे हैं जिसमें मुख्य रूप से - समय एवं लागत की बचत, यह जुदाई बुवाई और खाद डालने जैसे कई काम एक साथ में पूरा कर देता है जिससे ईंधन मजदूरी और समय बच जाता है। फसल अवरोधक प्रबंधन, धान मक्का और अन्य फसलों की पराली को बारीक काटकर मिट्टी में मिला देता है जिससे मिट्टी की संरचना और जलधारण क्षमता में सुधार होता है। बेहतर फसल उत्पादन, बीज सही गहराई एवं दूरी पर बोए जाते हैं जिससे फसल का उत्पादन बढ़ता है। पर्यावरण संरक्षण, वायु प्रदूषण से बचाव होता है मिट्टी में कार्बनिक पदार्थ वापस मिल जाते हैं और जैब विविधता में वृद्धि होती है आदि फायदे नरवाई ना जलाने से फसलों को होता है। इस अवसर पर शीतल राय परसवाहा, अवध राय, चंद्र प्रताप नयागांव, लक्ष्मण सिंह मुवार, गोपाल सिंह धनेटा, सुमित जैन सगरा आदि किसानों की मौजूदगी रही।

# एकलव्य विश्वविद्यालय के शोधार्थी अभिषेक घुवारा को मौखिकी में पीएचडी उपाधि की अनुशंसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



एकलव्य विश्वविद्यालय दमोह विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो.पवन कुमार जैन की अध्यक्षता में मौखिकी परीक्षा दिनांक 27 अक्टूबर 2025 को कला एवं मानविकी संकाय के अंतर्गत अर्थशास्त्र विभाग के शोधार्थी अभिषेक घुवारा टीकमगढ़ की पी-एच. डी. शोध प्रबन्ध की मौखिकी परीक्षा सम्पन्न हुई, अभिषेक घुवारा ने क्षेत्रीय आर्थिक विकास में विशेष पैकेज योजना का विश्लेषणात्मक अध्ययन (बुन्देलखण्ड क्षेत्र के टीकमगढ़ जिले के विशेष संदर्भ में) अध्ययन विषय पर डॉ. विजय कुमार साहू अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष के निर्देशन में यह शोध कार्य सम्पन्न किया। जिसमें शोधार्थी ने भारत सरकार द्वारा बुन्देलखण्ड क्षेत्र के जिलो में भौगोलिक व आर्थिक विकास करने के उद्देश्य से 'विशेष पैकेज' की मंजूरी दी। विशेष पैकेज के माध्यम से आर्थिक सशक्त बनाया जाना और विकास होना संभव हुआ। शोधार्थी के शीर्षक चयन का उद्देश्य अपने क्षेत्र के लोगों के प्रति आर्थिकता के साथ सामाजिकता के सुधार हेतु जागरूकता प्रदान करेगा जो की मातृभूमि को समर्पण भाव से प्रेरित है टीकमगढ़ शोधार्थी की जन्म भूमि भी है।किसी भी अर्थव्यवस्था में क्षेत्रीय आर्थिक विकास में निर्मित विकासात्मक योजनाऐं एवं परियोजनाऐं विशेष भूमिका प्रदान करती हैं। बुन्देलखण्ड क्षेत्र के जिले वर्षा आधारित कृषि अर्थव्यवस्था वाला क्षेत्र है। विविध परिस्थितिओं को देखते हुए केन्द्र सरकार द्वारा वर्ष 2009-10 में बुन्देलखण्ड विशेष पैकेज जारी किया। विश्लेषणात्मक अध्ययन में प्राथमिक एवं द्वितीयक दोनों प्रकार के स्त्रोतों का प्रयोग करते हुए बुन्देलखण्ड क्षेत्र को प्राप्त पैकेज राशि से भौतिक एवं वित्तीय प्रभाव का पता लगाने का प्रयास किया गया है। शोध कार्य के माध्यम से शोधकार्ता द्वारा विशेष पैकेज से जिले में विकास एवं निम्न कमियों के समाधान में संस्थागत स्त्रोतों, सरकार के प्रयासों का अध्ययन एवं मूल्यांकन करने के लिए अपने अध्ययन को 7 अध्यायों में विभक्त किया गया है। शोध यात्रा में विश्वविद्यालय की कुलाधिपति डॉ. सुधा मलैया, श्रीमति पूजा मलैया एवं श्रीमति रति मलैया प्रतिकुलाधिपति का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। मौखिकी परीक्षा हेतु प्रोफेसर सी एल प्रजापति अध्यक्ष अर्थशास्त्र विभाग, छत्रसाल विश्वविद्यालय छतरपुर मध्य प्रदेश को आमंत्रित किया गया था। उन्होंने पी-एच. डी. मौखिकी परीक्षा विधिवत सम्पन्न कराई। इस अवसर पर प्रो. आर. सी. जैन, अधिष्ठाता, कला एवं मानविकी संकाय, डीन अकेडमिक प्रोफेसर जे.पी. शमा खानम,डॉ. विजय कुमार साहू अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष, डॉ. निधि असाटी बेसिक एंडअप्लाइड साइंस, डॉ उषा खंडेलवाल,डॉ.सूर्यनारायण गौतम, डॉ आशीष जैन, प्राकृत अध्ययन विभागाध्यक्ष, डॉ अनिल पिंपलापुरे इंजिनियरिंग विभाग, डॉ. विवेक गेडाम, सहायक निदेशक, शोध विकास विभाग, डॉ एस एन गौतम, डॉ एस के तिवारी, डॉ विजय साहू,डॉ. प्रमिला कुशवाहा, डॉ दीपक रजक, डॉ. वन्दना पाण्डेय, डॉ दुर्गा महोबिया, डॉ. मनीषा दीक्षित, डॉ विजया लक्ष्मी, डॉ वंदना शुक्ला, डॉ वैभव केथवास, डॉ सरिता,ईशा सचदेव आदि मान्य गण तथा सहकर्मी गोविंद, आकाश, महेश, सतेंद्र आदि भी उपस्थित रहे।

## पारिवारिक मिलन समारोह का आयोजन



दमोह। वैश्य महासम्मेलन मध्य प्रदेश के द्वारा प्रत्येक माह के अंतिम मंगलवार को एक मासिक बैठक व पारिवारिक मिलन समारोह का आयोजन किया जाता है जिसके क्रम में भी वैश्य महा सम्मेलन मध्य प्रदेश के द्वारा पारिवारिक मिलन समारोह व मासिक बैठक का आयोजन किया गया। वैश्य भवन में किया गया जिसमें संगठन के बारे में जहां चर्चा की गई। वहीं कल संभागीय बैठक के बारे में भी चर्चा की गई व आगामी कार्यक्रमों को लेकर बात रखी गई इसके पश्चात हाउजी गेम खेले गए व सभी ने चाट चौपाटी का लुफ्त उठाया। बैठक में मुख्य रूप से संभागीय अध्यक्ष राकेश अग्रवाल महिला संभागीय अध्यक्ष रितु अग्रवाल संभागीय महामंत्री सुशील गुप्ता जिला प्रभारी पदम इटोरिया जिला अध्यक्ष के सी अग्रवाल युवा अध्यक्ष विकास अग्रवाल महिला प्रभारी विद्या असाटी महिला अध्यक्ष सुनीता गुप्ता नगर अध्यक्ष सत्य प्रकाश असाटी महिला नगर अध्यक्ष अनीता अग्रवाल युवा नगर अध्यक्ष राजू नामदेव सुमन अग्रवाल कंचन असाटी रमा अशोक अग्रवाल निशा अग्रवाल राजेंद्र असाटी दिनेश गुप्ता ज्योति स्वप्नेश अग्रवाल सीमा अनिल अग्रवाल नीलू राजेंद्र अग्रवाल शिखा संतोष अग्रवाल सविता मनीष जैन संगीता सुशील अग्रवाल निर्मला गुप्ता बरखा बंटी गुप्ता नंदा मुकेश असाटी मालती असाटी विष्णु गुप्ता गिरजा साहू रश्मि ललित असाटी हेमा नामदेव रश्मि संदीप नामदेव सरोजिनी राजकुमार नामदेव सरिता अनिल नेमा मोना वीरेंद्र असाटी अनामिका सचिन असाटी लकी सोनी मंजू अनिल अग्रवाल रजनी गुड्डा साहू लक्ष्मी अग्रवाल साधना विनोद गुप्ता कमला भगवान दास शाह निवेदिता अनुराग साहू प्रदीप ज्योति गुप्ता माया राजेश गुप्ता मनीसा गिरधारी गुप्ता माधुरी सोनू गुप्ता नूतन राजेश साहू वीणा किशोरी लाल अग्रवाल संगीता मनीष नायक कल्पना प्रभु पोद्दार शोभा राजकुमार असाटी सुषमा विश्वकर्मा छाया राजेश साहू बबीता महेंद्र साहू अमिता विकल्प जैन नीलम वीरेंद्र अग्रवाल तुलसा बृजेश नामदेव निक्की रेनू गुप्ता की मुख्य रूप से उपस्थित रही वही कल संभागीय बैठक में दमोह व कटनी जिला के मुख्य पदाधिकारी इस बैठक में उपस्थित होंगे।

# परंपरागत खेती छोड़ किसान सब्जियों व उद्यानिकी फसलों का कर रहे उत्पादन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पथरिया



विकासखंड पथरिया में ग्राम नंदरई,बांसा (साजिया हार)में पिछले कई सालों से परंपरागत खेती की जा रही थी जिसमें किसान को कुछ ज्यादा फायदा नहीं हो पा रहा था जिसका मुख्य कारण जल की कमी था इस बीच जल संजीवनी परियोजना का कदम इन ग्रामों में रखा जिसमें जल संजीवनी ने जल को सहेजने,जल को रोकने हेतु कई संरचनाएं बनाई जिसमें जल का स्तर भी बड़ा और जल की उपलब्धता भी बढ़ गई इसी कड़ी को जल संजीवनी परियोजना ने आगे बढ़ाते हुए ग्राम के किसानो को उद्यानिकी फसल,सब्जियां लगाने के लिए प्रेरित किया उसकी उपयोगिता के साथ इसके लगाने के तरीके को सभी पैमाने को साथ रखकर मॉडल बताए और साथ में कराए जिसकी हर समय परियोजना के अधिकारियों ने देख -रेख की जिसमें किसान भाइयों को सब्जियों का अच्छा उत्पादन मिला और इतनी पैदावार होने लगी के आस पास की बड़ी मंडियों जैसे सागर,दमोह में सब्जियों का व्यापार किसानो द्वारा किया जाने लगा आज की स्थिति यह है कि इन ग्रामों के लगभग से अधिक किसान बताए मार्ग पर चलकर सब्जियों को लगा रहे हैं और बड़ा व्यापार कर रहे हैं जिसमें किसान को अच्छी आय प्राप्त हो रही है और आज यह ग्राम जिले के अच्छी सब्जी के उत्पादन का स्त्रोत भी हैं,किसान भाई माखन पटेल,नन्नेलाल पटेल,यतेंद्र बाकड़ा सरपंच,यूनाइटेड वे मुंबई जल संजीवनी परियोजना का गुणगान बखानते नहीं थकते यह एक बड़ी उपलब्धि है।

## छात्राओं को आयरन टैबलेट का सेवन कराया

**दमोह।** एनीमिया मुक्त भारत अभियान के तहत शासकीय रानी दुर्गावती कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शहरी क्षेत्र दमोह में जिला पंचायत अध्यक्ष रंजीता गौरव पटेल एवं जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रीता चटर्जी ने लगभग 110 छात्राओं को एनीमिया से बचाव में उपयोगी आयरन टेबलेट का सेवन कराया। इस दौरान रंजीता गौरव पटेल ने किशोरावस्था में एनीमिया से बचाव के लिए आयरन से भरपूर संतुलित आहार एवं सप्ताह में एक दिन मंगलवार को आई.एफ.ए. टैबलेट का सेवन अवश्य करने की समझाईश छात्राओं को दी गई। जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रीता चटर्जी ने आई.एफ.ए. की गोली के सेवन के फायदे भी बताये। इस मौके पर स्कूल के शिक्षकगण सहित डीसीएम, आर.बी.एस.के. समन्वयक भी मौजूद रहे।आर.बी.एस.के. ए.एम.ओ. आरती पटेल एवं रामेश्वर पटेल ने 73 बच्चों का हिमोग्लोबिन टेस्ट भी किया गया।

## संकल्प संस्था को किया सम्मानित



**दमोह।** पीजी कॉलेज दमोह के सभागार में छात्र सर्व कल्याण समिति व्दारा आयोजित आत्म निर्भर भारत संकल्प अभियान के महिला सम्मेलन में बाल अधिकारों एवं उनके संरक्षण को लेकर जिले में सक्रिय संकल्प समाज सेवी संस्था दमोह को मुख्य अतिथि सांसद राहुल सिंह लोधी, मंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी, भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे, कार्यक्रम संयोजक संगीता श्रीधर आदि के कर कमलों से सम्मान पत्र देकर सार्वजनिक मंच से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर संस्था के देवेन्द्र दुबे, सुजात खान, खुशबू तिवारी, प्रतिभा सिंह, रितु विश्वकर्मा आदि मौजूद रहे।

## आंगनबाड़ी केंद्र नोहटा पहुँचे डॉ. राय



**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर के निर्देशन में जिले में विशेष टीकाकरण अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत सीबीएमओ डॉ. डी.के. राय ने आज आंगनवाड़ी केंद्र नोहटा क्रमांक-06 का निरीक्षण किया। डॉ. राय ने बताया कि केंद्र की ड्यू लिस्ट में 11 बच्चों और 4 गर्भवती महिलाओं के नाम दर्ज थे। इनमें से 2 नई गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण और जांच पूरी कर ली गई है, जबकि 2 महिलाओं की तीसरी या चौथी जांच की जानी है। 11 बच्चों में से 3 का टीकाकरण हो चुका है जिनमें 7 बच्चे डीपीटी बूस्टर के हैं जिन्हें 5 से 7 वर्ष की आयु में टीका लगाया जाता है, 1 बच्चा पेंटावन का है जिसका टीका 1.5 महीने में लगता है, और 4 बच्चे ऐसे हैं जिन्हें 16 से 24 माह में खसरे (मीजल्स) का दूसरा टीका लगना है। उन्होने बताया कि अभी और बच्चे टीकाकरण केंद्र पर आ रहे हैं और पूरा प्रयास रहेगा कि सभी 11 बच्चों का पूर्ण टीकाकरण सुनिश्चित किया जाए।

# विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह




राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के आदेशानुसार प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष सुभाष सोलंकी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कुशल मार्गदर्शन में साइनिंग स्टार इंटरनेशनल स्कूल दमोह में बच्चों को मैत्रीपूर्ण विधिक सेवायें योजना एवं उनके संरक्षण विषय पर विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। उक्त शिविर में अष्टम जिला न्यायाधीश पंकज शर्मा, जिला विधिक सहायता अधिकारी रजनीश चौरसिया एवं विद्यालय के सभी शिक्षकगण सम्मिलित हुए। अष्टम जिला न्यायाधीश पंकज शर्मा द्वारा उपस्थित छात्रों को संविधान में उल्लेखित मूल अधिकार एवं मूल कर्तव्य विषय पर विस्तृत जानकारी देते हुये विधि के समक्ष समता एवं विधि का समान संरक्षण के संबंध में बताया कि सभी नागरिक विधि के समक्ष समान होते है और उन्हें विधि का समान संरक्षण प्राप्त होता है। आपने पॉक्सो अधिनियम के विषय पर बताया कि इस अधिनियम के अंतर्गत बच्चों के साथ होने वाले लैंगिक अपराधों के संबंध में कठोर दण्ड का प्रावधान किया गया है, इस अधिनियम की जानकारी सभी बच्चों को होनी चाहिए जिससे वे ऐसे अपराधों को छुपायें नहीं बल्कि अपने माता-पिता एवं शिक्षक के संज्ञान में लाना चाहिए ताकि अपराधी को दण्ड दिलाया जा सके। आपने मोबाईल के माध्यम से हाने वाले अपराधों तथा इंटरनेट का प्रयोग करते समय बरती जाने वाली सावधानी के विषय पर आवश्यक जानकारी दी। जिला विधिक सहायता अधिकारी रजनीश चौरसिया ने बच्चों को निःशुल्क विधिक सहायता, किशोर न्याय बोर्ड, मोटरयान के संबंध में अवगत कराया। कार्यक्रम का आभार विद्यालय के लोकेन्द्र जैन द्वारा किया गया।

**खबर संक्षेप**

### टीकाकरण के बाद हल्का बुखार या सूजन घबराने की बात नहीं

**दमोह।** जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. विक्रांत चौहान ने बताया कि कई बार टीका लगने के बाद बच्चों को हल्का बुखार इंजेक्शन लगने वाली जगह पर दर्द या सूजन या थोड़ी सुस्ती हो सकती है। यह बीमारी का लक्षण नहीं बल्कि इस बात का संकेत है कि शरीर में प्रतिरक्षा बन रही है। यानि टीका असर दिखा रहा है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा हर टीकाकरण के बाद बच्चों को पैरासिटामॉल की टेबलेट आवश्यक समझाईश के साथ दी जाती है। ताकि यदि दर्द, बुखार आता है तो उसे आसानी से नियंत्रित किया जा सके। ऐसे में अभिभावकों को घबराने या टीकाकरण से डरने की आवश्यकता नहीं है। सामान्य तौर पर 1 से 2 दिन में ठीक हो जाता है, लेकिन टीकाकरण से मिलने वाला सुरक्षा कवच जीवनभर बच्चे के साथ रहता है।

### जनसुनवाई में 211 आवेदनों पर हुई सुनवाई

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने कलेक्टर कार्यालय के कक्ष क्रमांक 10 में जिले भर से आये नागरिकों की आज जनसुनवाई में समस्याएं सुनी। इस दौरान सामान्य जनसुवाई में 211 आवेदनों पर सुनवाई करते हुये संबंधित अधिकारियों को समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिये। जनसुनवाई के दौरान 20 आधार कार्ड सेवा, 01 आयुष्मान कार्ड, 05 समग्र सेवा एवं 124 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। साथ ही जनसुनवाई के दौरान कुछ सामुहिक आवदेन भी दिए गए। इस दौरान सहायक कलेक्टर ऋषिकेश विजय ठाकरे, डिप्टी कलेक्टर बृजेश सिंह, डिप्टी कलेक्टर छोटेलाल गोस्वामी, लोकसेवा प्रबंधक चक्रेश पटेल सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे। 25 पंचायतों में जनसुनवाई के क्रम में कुल 34 आवेदन प्राप्त हुए जिनमें 34 निराकृत किए गए। इसमें फुटेराकलां, लुहारी सहित चिन्हित 25 जनपद पंचायत स्तर पर जन सुनवाई की गई।

### चार साल से फरार आरोपी गिरफ्तार

**दमोह।** पुलिस अधीक्षक श्रुत कीर्ति सोमवंशी और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुजीत सिंह भदोरिया के निर्देशन में जिले भर में स्थाई वारंटी की गिरफ्तारी चल रही है। जहां सीएसपी एच आर पाण्डेय के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी रचना मिश्रा के नेतृत्व में टीम के द्वारा 4 साल से फरार चल रहे आरोपी पवन रैकवार पिता रमेश रैकवार उम्र 32 साल एवं राकेश रैकवार पिता रमेश रैकवार 25 साल दोनों निवासी किशन तलैया दमोह को माननीय न्यायालय में पेश किया गया। पुलिस टीम में उनि प्रसीता कुर्मी, प्रधान आरक्षक सचिन नामदेव, सुमन यादव, आरक्षक रुपेश यादव,हेमराज पटेल, गौरव और सै. महफूज चौकी जबलपुर नाका थाना दमोह देहात शामिल रहे।

### 414 शिक्षित बेरोजगार आवेदकों का हुआ चयन

**दमोह।** 28 अक्टूबर मंगलवार को युवा संगम रोजगार स्वरोजगार एवं अप्रिंटीस मेला का आयोजन शासकीय पॉलीटेकनिक महाविद्यालय दमोह में किया गया, रोजगार मेले में साक्षात्कार हेतु 503 ऑनलाईन एवं 298 ऑफलाईन कुल 801 आवेदकों ने पंजीयन कराया एवं 12 कंपनीयों ने साक्षात्कार उपरांत 414 शिक्षित बेरोजगार आवेदको का चयन किया गया।

### शारदा कोरी को मातृ शोक

**दमोह।** जिला जनसंपर्क कार्यालय में पदस्थ शारदा कोरी की माता जी। श्रीमती कुसुम रानी पति स्वर्गीय श्री मूलचंद कोरी का 85 वर्ष की उम्र में का बीते दिनों आकस्मिक निधन हो गया। वे काफी समय से अस्वस्थ थी। उनकी अंतिम यात्रा में सभी वर्ग के नागरिकों ने शामिल होकर शोक संवेदना व्यक्त की।

## बैंकिंग सुविधा के नाम पर हटा में मची लूट

# गांवों की जगह शहर में खुले कियोस्क

हरिभूमि न्यूज ⏭ हटा

सरकार की मंशा थी कि ग्रामीण अंचलों में हर व्यक्ति तक बैंकिंग सुविधा पहुंचे, ताकि किसान, मजदूर और गरीब तबका भी डिजिटल वित्तीय व्यवस्था से जुड़ सके, लेकिन हटा क्षेत्र में इस योजना को अफसरों और बैंक प्रबंधन ने मजाक बना दिया है। बैंकिंग सेवा गांव-गांव पहुंचाने की योजना अब कियोस्क सेवा बैंक बैंक तक सिमटकर रह गई है। जिन गांवों में यह कियोस्क सेंटर खुलने थे, वहां आज भी लोग खाता खोलने या पैसा निकालने के लिए 10-15 किलोमीटर दूर बैंक शाखाओं के चक्कर लगा रहे हैं। दूसरी ओर, कई कियोस्क सेंटर उन्हीं बैंकों के दरवाजे पर खुल गए हैं, जिनके लिए यह योजना मूल रूप से शुरू ही नहीं की गई थी।

### शाखा के पास कियोस्क की बहार

हटा ब्लॉक के दर्जनों गांवों के नाम पर बैंकों द्वारा कियोस्क की स्वीकृति दी गई लेकिन हकीकत यह है कि ये सेंटर ग्रामीण इलाकों से कई किलोमीटर दूर, सीधे शहर या बैंक शाखा के बगल में ही संचालित किए जा रहे हैं। योजना की शर्तें साफ कहती हैं कि कियोस्क संचालक को उस ग्राम पंचायत या राजस्व गांव में ही केंद्र चलाना होगा, जहां स्वीकृति दी गई है, ताकि ग्रामीणों को बैंक आने की जरूरत न पड़े। स्थानीय लोगों का कहना है, गांवों में तो कोई कियोस्क दिखाई ही नहीं देते लेकिन हटा में बैंक के आसपास एक नहीं, दो-दो कियोस्क खुले हुए हैं।

### बैंक प्रबंधन पर मिली-भगत के आरोप

इस खेल में हटा में संचालित बैंकों का प्रबंधन भी शामिल है। बैंक अधिकारियों ने नियमों की अनदेखी कर ऐसे संचालकों को लाइसेंस दे दिए, जिन्होंने ग्रामीण क्षेत्र में सेवा देने की बजाय आरामदायक लोकेशन चुन ली। कई कियोस्क तो मुख्य शाखा की दीवार से सटकर चल रहे हैं, जबकि नियमों के मुताबिक एक ही बैंक शाखा के नजदीक दूसरा कियोस्क स्थापित नहीं किया जा सकता। बैंकिंग सूत्र बताते हैं कि कुछ संचालकों के पास सिफारिशी लोग भी हैं, जिनके आधार पर शाखा प्रबंधन ने बिना जांच किए अनुमति दे दी। अब सवाल उठ रहा है कि क्या बैंक अधिकारियों की आंखों के सामने यह सब बिना उनके संरक्षण के संभव था?

### गांव के नाम पर शहर में मुनाफा क्यों

योजना की भावना थी कि ग्रामीणों को घर-गांव में ही नकद निकासी, जमा, और सरकारी योजनाओं की राशि का लाभ मिले, लेकिन नतीजा यह हुआ कि बैंकिंग सुविधा पहुंची नहीं, बल्कि लौट आई शहरों में। गांव के लोगों का कहना है कि उन्हें अब भी 15-20 किलोमीटर दूर जाकर बैंक पहुंचना पड़ता है। वहीं जिन कियोस्क के नाम पर स्वीकृति मिली, वहां आज तक ताला भी नहीं खुला। स्थानीय सामाजिक संगठनों ने अब इस मामले में आवाज नहीं उठाई है। सोशल मीडिया पर लोग खुलकर लिख रहे हैं कि कियोस्क सेंटरों के नाम पर सिर्फ कागजी सुविधा दिखाई जा रही है।

हटा नगर में चल रहे कियोस्क प्रकरण अब आम चर्चा का विषय बने हुए है। लोग कह रहे हैं कि यह कियोस्क योजना नहीं, कमीशन योजना है। गांव वालों के नाम पर मुनाफा शहर में बांटा जा रहा है। सरकारी दावे और जमीनी सच्चाई के बीच इतना अंतर देखकर ग्रामीणों में गहरा आक्रोश है।

# सिधचक्र महामंडल विधान आज से



हरिभूमि न्यूज ⏭ दमोह

सिद्धों की आराधना का अष्टानिका महापर्व 29 अक्टूबर से प्रारंभ हो रहा है इस अवसर पर दमोह नगर के श्री पारसनाथ दिगंबर जैन नन्हे मंदिर एवं सिंघई मन्दिर जी मे श्री 1008 सिद्ध चक्र महामंडल विधान का आयोजन होने जा रहा है। 29 अक्टूबर से 6 नवंबर तक चलने वाले आठ दिवसीय भक्तिमय अनुष्ठान की पूर्व वेला में मंगलवार को नन्हे मंदिर जी में प्रतिष्ठाचार्य सुरेश शास्त्री एवं स्वतंत्र भैया के सानिध्य में श्री यंत्र जी पूजन संपन्न हुई। तत्पश्चात जैन धर्मशाला घट यात्रा निकाली गई। जो टण्डन बिल्डिंग, सराफा, घंटाघर, पलंदी मंदिर, चौधरी मंदिर, बड़ा मंदिर, सिंघाई सेठ मंदिर होकर सिटी नल से श्री पारसनाथ दिगंबर जैन नन्हे मंदिर पहुंचकर संपन्न हुई। जहां मंडप शुद्धि उपरांत विधान के महापात्रों का चयन किया गया। घट यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएं सर पर मंगल कलश लेकर शामिल हुई वहीं विधान के महापात्र हाथों में धर्म ध्वजा लेकर सम्मिलित हुए। बुधवार को प्रातः बेला में ध्वजारोहण उपरांत पात्रों के सकलीकरण पश्चात विधान प्रारंभ होगा। ध्वजारोहण करने का सौभाग्य रूपचंद जैन बनवार परिवार को प्राप्त हुआ है। ब्रह्मचारी स्वतंत्र भैया के निर्देशन में आठ दिनों तक चलने वाले श्री सिध्द चक्र महामंडल विधान में राजेंद्र अटल परिवार को सौधर्म इंद्र, संतोष अविनाशी परिवार को चक्रवर्ती, चंद्र कुमार अभिषेक खजरी परिवार को श्रीपाल मैना सुंदरी, आनंद लैब परिवार को कुबेर इंद्र, पदम मुकेश रानू खजरी परिवार को महायज्ञ नायक, सुनील बड़े राय परिवार को यज्ञ नायक, नवीन निराला परिवार को ईशान इंद्र, मनीष आउटलुक परिवार को सनत इंद्र बनने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है।

विधान के द्रव्य पुण्यार्जन का सौभाग्य राजकुमार खजरी परिवार ने प्राप्त किया है। नन्हे मंदिर जी में विधान व्यवस्था प्रभारी अमरदीप जैन लालू ने बताया कि विधान अवसर पर प्रतिदिन 7:30 बजे से श्री जी का अभिषेक पूजन प्रारंभ हो जाएगा तत्पश्चात 8:00 बजे से विधान पूजन होगा जिसमें शामिल होने की अपील सकल दिगंबर जैन समाज से की गई है। इसी तरह श्री सिंघई मंदिर की में भी 29 अक्टूबर से 6 नवंबर तक श्री सिद्ध चक्र महामंडल विधान का आयोजन किया जा रहा है। यहां पर बुधवार को घट यात्रा के बाद ध्वजारोहण संपन्न होगा। जिसमें शामिल होने की अपील सिने मंदिर कमेटी द्वारा की गई है।

## बनवार में महिलाओं ने किया तुलसी पूजन

**बनवार ।** कार्तिक मास जिसे दामोदर मास भी कहा जाता है, भगवान श्रीकृष्ण को अत्यंत प्रिय है। इसी पवित्र माह में ग्राम बनवार की महिलाओं द्वारा घर-घर तुलसी पूजन कर धार्मिक आस्था और आध्यात्मिक भाव का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत किया जा रहा है। प्रत्येक सुबह महिलाएं ब्यारमा नदी के बड़े घाट पर स्नान कर शालिग्राम भगवान एवं तुलसी माता का विधिवत पूजन कर रही हैं। ग्राम के पंडित ऋषिकांत गर्ग जी के निवास पर प्रतिदिन महिलाओं का समूह एकत्र होकर कार्तिक माह की कथा श्रवण एवं तुलसी पूजन कर रहा है। भक्ति के इस माहौल में भजन, आरती और दीपदान की अलौकिक छटा पूरे गांव में आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार कर रही है। पंडित ऋषिकांत गर्ग ने बताया कि तुलसी पूजन न केवल धार्मिक दृष्टि से, बल्कि वैज्ञानिक दृष्टि से भी अत्यंत लाभकारी है। तुलसी का पौधा वातावरण को शुद्ध करता है, वायु में ऑक्सीजन की मात्रा बढ़ाता है और इसकी सुगंध मानसिक तनाव को कम करती है। यही कारण है कि तुलसी को घर की पवित्रता और सकारात्मक ऊर्जा का प्रतीक माना गया है। उन्होंने कहा कि कार्तिक मास में तुलसी पूजन से न केवल पापों का नाश होता है, बल्कि सौभाग्य, समृद्धि और स्वास्थ्य की वृद्धि भी होती है। इस अवधि में तुलसी के पास दीपक जलाना, जल अर्पित करना और तुलसी मंत्रों का जप करना अत्यंत शुभ माना गया है। भगवान श्रीकृष्ण और विष्णु को तुलसी दल अर्पित करने से उनकी विशेष कृपा प्राप्त होती है। देवउठनी एकादशी के साथ जब तुलसी-विवाह का पर्व संपन्न होगा, तब विवाह पर्वों की शुभ शुरुआत भी होगी। ग्राम बनवार में महिलाओं की यह सामूहिक आस्था कार्तिक मास को भक्ति और विज्ञान — दोनों का अद्भुत संगम बना रही है।



## देशभर में प्रारंभ हुआ विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान

### 6 फरवरी 2026 को होगी मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा देश के 12 राज्यों में विशेष गहन पुनरीक्षण (Special Intensive Revision – SIR) की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। इसके लिए आयोग ने अधिसूचना जारी कर दी है और आज से इस पर कार्यवाही प्रारंभ हो गई है। उन्होंने बताया कि इस अभियान के तहत आज 12 राज्यों के जिला निर्वाचन अधिकारियों का प्रशिक्षण आयोजित किया गया, जिसमें पुनरीक्षण प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी गई। इसके साथ ही सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर कार्यक्रम की रूपरेखा साझा की गई, ताकि सभी दल समय-सीमा और प्रक्रियाओं से पूरी तरह अवगत रहें। कलेक्टर श्री कोचर ने बताया कि यह विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम 28 अक्टूबर 2025 से 6 फरवरी 2026 तक चलेगा। इस अवधि में मतदाता सूची से संबंधित सभी चरणों को पूरा किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस प्रक्रिया का सबसे महत्वपूर्ण चरण 4 नवम्बर से 4 दिसम्बर 2025 तक रहेगा, जिसमें घर-घर जाकर मतदाताओं को गणना प्रपत्र (Enumeration Form) दिया जाएगा। मतदाताओं को यह प्रपत्र भरकर लौटाना होगा। इसके आधार पर प्रारूप निर्वाचन नामावली तैयार की जाएगी। इसके पश्चात दावे और आपत्तियाँ आमंत्रित की जाएँगी, और उसके बाद 6 फरवरी 2026 को अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन कर दिया जाएगा। आज अपरान्ह कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नें जिला कार्यालय सभाकक्ष में राजनैतिक दलो की बैठक एवं प्रेस वार्ता विशेष गहन पुनरीक्षण के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गयी, इस अवसर पर उप-जिला निर्वाचन अधिकारी मीना मसराम खासतौर पर मौजूद रही।

## सहस्त्रबाहु जयंती पर निकली भव्य शोभायात्रा



**दमोह।** नगर में राजराजेश्वर भगवान सहस्त्रबाहु जयंती के अवसर पर भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया। धार्मिक उल्लास और जयघोषों के बीच नगर के विभिन्न मार्गों से होते हुए शोभायात्रा निकाली गई। सजधज कर निकली शोभायात्रा में आकर्षक झांकियाँ, बैंड दल, भजन मंडलियाँ और धर्मध्वजा के साथ श्रद्धालु उत्साहपूर्वक शामिल हुए। भगवान सहस्त्रबाहु के जयकारों से पूरा नगर गुंजायमान हो उठा। कार्यक्रम का शुभारंभ मंदिर परिसर में विधिवत पूजन-अर्चन के साथ हुआ। इसके बाद शोभायात्रा मुख्य मार्गों से होती हुई नगर के प्रमुख चौराहों से गुज़री, जहाँ नागरिकों ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया।

## कलेक्टर समाधान में 9 में से 7 प्रकरणों का हुआ निराकरण- कलेक्टर

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने बताया कि कलेक्टर समाधान में कुल 09 प्रकरण अलग-अलग विभागों से लिए गए थे। इनमें से 07 मामलों का संतोषजनक निराकरण किया गया है। उन्होंने बताया कि शेष 02 प्रकरणों में शिकायत पात्रता अनुसार नहीं पाई गई, जिन पर संबंधित आवेदकों को स्पष्ट रूप से अवगत करा दिया गया है कि इन मामलों में वे पात्र नहीं हैं। उन्होने कहा कि प्रशासन का प्रयास है कि प्रत्येक पात्र आवेदक की समस्या का त्वरित और संतोषजनक समाधान हो तथा लोगों को शासन की योजनाओं का पूर्ण लाभ मिले।

# कलेक्टर से एकता परिषद ने जिला समन्वयं बैठक रखने की मांग की

**हिण्डोरिया।** वनाधिकार कानून, भू- राजस्व कानून, अव्यवस्थित भूमि सीमांकन, अवैधानिक विस्थापन, जाबेजा वर्षों से सरकार की भूमि पर काबिज, वंचित- दलित- आदिवासियों की बेदखली, झूठी कार्यवाहियां,वन विभाग की मनमानी, ज्यादतियां एवं तानाशाही जैसी समस्याऐं वर्तमान में पूरे जिले मे विकराल रुप धारण करती जा रहीं हैं। ये बात एकता परिषद के पूर्व राज्य समन्वयक सुजात खान ने मीडिया के समझ कही। श्री खान ने कहा कि मध्यप्रदेश में वर्तमान में वर्ष 2002 से चरनोई भूमि के पटटा वितरण योजना पर सुप्रीम कोर्ट से रोक लगी है। तत्कालीन मध्यप्रदेश की कांग्रेस सरकार ने राज्य के भूमिहीनों , वंचितों, दलितों, आदिवासियों , पिछड़ो को काबिज कृषि भूमि का पटटा देने कानून बनाया था। वर्तमान राज्य सरकार व्दारा गरीबों-भूमिहीनों की इस भूमि के वितरण पर लगी रोक हटाने ठीक ढंग से पैरवी नही की जा रही है। अतः चरनोई भूमि वितरण कानून लगभग 20 वर्ष से मझधार मे अटका हुआ है। इस कारण प्रदेश भर मे वन विभाग एवं राजस्व विभाग व्दारा नित पात्र गरीब हितग्राहियों को बेदखली एवं दमन की कार्यवाहियों का सामना करना पड़ रहा है। श्री खान ने बताया कि यही दुर्दशा वनाधिकार कानून के क्रियान्वयन की पूरे राज्य मे है। एकता परिषद भूमि अधिकार संघर्ष मोर्चा के जिलाध्यक्ष शिव लाल आदिवासी, अयोध्या प्रसाद, बलराम पटेल, भूपेन्द्र सिंह आदि ने दिनांक 16 अक्टूबर 2025 को दिये ज्ञापन का हवाला देते हुये भूमि के इन तमाम मुद्दों के स्थायी समाधान के लिए कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर एवं आदिम जाति- जनजाति विभाग से शीघ्र जिला स्तर पर समन्वय बैठक रखने की मांग की है।

# हारट पुल के नीचे नदी में मिला अज्ञात व्यक्ति का शव,

### हटा पुलिस मृतक की शिनाख्त करने में जुटी

हरिभूमि न्यूज ⏭ हटा



मुख्यालय के समीप सुनार नदी में हारट पुल के नीचे मंगलवार दोपहर एक 30 से 35 साल उम्र के युवक का शव पड़ा हुआ देखा गया जैसे ही हटा पुलिस को इसकी खबर मिली टीआई धर्मेंद्र उपाध्याय मौके पर पहुंचे जहां पंचनामा कार्यवाही कर अज्ञात शव को हटा हॉस्पिटल लाया गया, जहां उसे पोस्टमार्टम के बाद शव ग्रह में रखवा दिया गया है। शव करीब 4 से 5 दिन पुराना बताया जा रहा है। फिलहाल मृतक युवक की पहचान नहीं हो सकी है। टीआई उपाध्याय ने बताया कि युवक के पास कोई भी ऐसी चीज नहीं मिली है जिससे उसकी पहचान हो सके। उसने केवल पेंट पहना हुआ है। चोट के कहीं कोई निशान नहीं है, इसलिए अभी मृतक की पहचान नहीं हो सकी है। वहीं हटा के ककराई एरिया से चार दिन पहले एक व्यक्ति के गुमशुदा होने की सूचना पुलिस थाने में दी गई थी जिससे उनके परिजनों को भी बुलाया गया था, लेकिन उन्होंने शव को अपने परिजन से मेल खाने से मना कर दिया। फिलहाल मर्ग कायम किया गया है। पुलिस प्रयास कर रही है कि मृतक के परिजनों की जानकारी मिल जाए, ताकि उन्हें शव सौंपा जा सके।

# 41 वां एसपी लाल मेमोरियल अवार्ड संपन्न

### विनय और डीके जैन हुये पुरूस्कृत

हरिभूमि न्यूज ⏭ दमोह




41 में स्वर्गीय एसपी लाल मेमोरियल अवार्ड का गरिमामय शैक्षणिक कार्यक्रम स्थानीय नवजाकृति विद्यालय में समारोह पूर्वक आयोजित किया गया। मिड इंडिया क्रिश्चियन सर्विसेज एवं नवजागृति एजुकेशन सोसाइटी के द्वारा आदर्श शिक्षक स्वर्गीय एसपी लाल की स्मृति में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हिंडोरिया के व्याख्याता देवेंद्र कुमार जैन एवं नवजागृति विद्यालय के व्याख्याता विनय लहरी को एसपी लाल अवार्ड 2025 प्रदान किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ ईश वंदना के द्वारा किया गया, कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ चिंतक एवं प्रेरका वक्ता डॉक्टर रश्मि जेता थें। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉक्टर श्रीमती शीला लाल ने की। आयोजन का प्रयोजन प्रस्तुत करते हुए बताया गया कि प्रतिवर्ष जिले के दो श्रेष्ठ शिक्षकों को इस अवार्ड के लिए चुना जाता है। सम्मानित शिक्षकों का परिचय क्रमश डॉ आलोक सोनवलकर और शरद मेहता ने दिया। सम्मानित डीके जैन और विनय लहरी ने सम्मान के प्रति आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉक्टर रश्मि जेता ने कहा कि शिक्षक और विद्यार्थियों के सीखने की कोई उम्र नहीं होती। शिक्षक सदैव सामाजिक बदलाव में अग्रणी भूमिका अदा करते हैं, यही कारण है कि शिक्षक अपने ड्यूटी के साथ जिम्मेदारी का निर्वहन भी करते हैं। दुनिया में शिक्षक और किताब का कोई विकल्प नहीं होता है। शिक्षक वह है जो विद्यार्थी के मस्तिष्क में आशा के रंग भरता है। उन्होंने कहा कि आज का समय नवीन एजुकेशन पॉलिसी का समय है और शिक्षक के सामने एआई की चुनौती के साथ स्वंय को बदलने की आवश्यकता है। आज शिक्षा में गुरु जनों का संकल्प ही समाज में बदलाव लाएगा। कार्यक्रम का सफल संचालन वंदना चरण ने किया। आभार प्रदर्शन श्रीमती रूबी डेनियल एवं एलएस सींग ने किया। कार्यक्रम में वार्षिक पत्रीका अनुगमन का विमोचन भी किया गया। कार्यक्रम का समापन सामूहिक राष्ट्रगान के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों की उपस्थिति रही।

## जिले में भ्रूण प्रत्यारोपण तकनीक द्वारा हुआ बछिया का जन्म



**दमोह।** म.प्र. शासन पशुपालन एवं डेयरी विभाग द्वारा जिले में चलाई जा रही पशुपालन विभाग की विभिन्न योजनाओं में गाय में भ्रूण प्रत्यारोपण (एम्बियो ट्रांसफर टेक्नोलॉजी) **NDDB** के तकनीशियन ने जिले के हटा विकासखण्ड के ग्राम छोटी तिंदनी में पशुपालक महेन्द्र की गाय में गिर भ्रूण प्रत्यानरोपण किया गया था, जिससे इस तकनीक द्वारा जिले में पहली वार गाय ने गिर नस्ल की बछिया को 28 अक्टूबर को जन्म दिया है। इस तकनीक से उत्पन्न बछिया पूर्ण रुप से (100%) शुद्ध गिर नस्ल की है, जिसकी दूध उत्पादन की अनुवांशिक क्षमता 16-18 ली. प्रतिदिन की है। हटा विकासखण्ड में अन्य 14 गाय एवं 05 भैंस को उक्त तकनीक से गर्भित किया गया है।


**कार्यालय नगर परिषद पटेरा, जिला दमोह (म.प्र.)**

क्रमांक./न.पा./लो.नि./2025/1526 — ***निविदा आमंत्रण सूचना*** — पटेरा, दिनांक 28/10/2025

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीय ई-रजिस्ट्रेशन प्रणाली से पंजीकृत समस्त ठेकेदारो से ऑनलाईन निविदां आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्रं. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम एवं स्थान | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र एवं अमानत राशि | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2025_UAD_ 459263_1 28.10.2025 | वार्ड क्रं. 02 में हटा तिराहा से गुट्टु साहू तक आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य। | 1-04 माह 2- 10.76 लाख | 1-2000.00 2-8100.00 | 29/11/2025 |
| 2. | 2025_UAD_ 459264_1 28.10.2025 | वार्ड क्रं. 04 में प्रशांत जैन से लालू ताम्रकार तक आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य। | 1- 04 माह 2-10.23 लाख | 1-2000.00 2-7700.00 | 29/11/2025 |

नोट :- निविदा में किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन www.mptenders.gov.in की बेवसाईट पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद पटेरा,
जिला- दमोह (म.प्र.)